संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 80 सोमवार 20 जनवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# श्री जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह का वीडियो वायरल

» नाराज भक्तों ने पूछा- कैमरा कैसे अंदर गया,

» पुलिस क्या कर रही

**पुरी,19 जनवरी 2025(ए)।** ओडिशा में पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर के अंदर का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो बांके बिहारी अनंता नाम के यूजर ने शेयर किया था। वीडियो में मंदिर परिसर और गर्भगृह की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। यह घटना एक बार फिर इस प्राचीन मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। मंदिर के अंदर फोटोग्राफी पर श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके अलावा, सेवायतों और मंदिर के अन्य कर्मचारियों को भी स्मार्टफोन लेकर अंदर जाने की अनुमति नहीं है।

मंदिर प्रशासन ने फोन रखने के लिए बाहर मोबाइल स्टैंड भी लगाए हैं। जो कोई भी इस नियम का उल्लंघन कर फोन अंदर ले जाता है, उसे 1,000 रुपये का जुर्माना देना पड़ता है। इसके बावजूद मंदिर के अंदर का वीडियो बना लिया गया और इसे सोशल मीडिया पर शेयर भी कर दिया



### लोगों से वीडियो न वायरल करने की अपील

श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य प्रशासक ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम को शिकायत दर्ज करने के लिए कह दिया है और लोगों से वीडियो को वायरल न करने की अपील की है। वहीं, पुरी के एसपी विनीत अग्रवाल के अनुसार ये मामला पुलिस के संज्ञान में आया है और पुलिस जल्द ही इस मामले कांटे तक पहुंच कर इस पर एक्शन लेगी। यह घटना मंदिर प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था के प्रति लोगों के भरोसे को हिला रही है और इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है।

गया। भक्तों ने इस घटना पर नाराजगी जताई है और आरोप लगाया है कि मंदिर के बाहर तैनात पुलिस अधिकारी अपनी जिम्मेदारी सही से नहीं निभा रहे हैं, जिससे ऐसे मामले बार-बार हो रहे हैं।

### पांच जनवरी को मंदिर के ऊपर दिखा था ड्रोन

पुरी में जगन्नाथ मंदिर के ऊपर रविवार (5 जनवरी) तड़के एक ड्रोन देखा गया था। ड्रोन तड़के करीब 4:10 बजे मंदिर के ऊपर देखा गया था और यह करीब आधे घंटे तक मंडराता रहा था, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं उत्पन्न हो गई थी। यह उड़ान निषिद्ध क्षेत्र है। घटना की जांच के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई थीं। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने चिंता जताते हुए कहा था, ''मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाना गैरकानूनी है और स्वीकार्य नहीं है। सुरक्षा का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुरी एसपी (पुलिस अधीक्षक) ने टीम गठित करके घटना की जांच शुरू कर दी है। मुझे उम्मीद है कि संबंधित व्यक्ति की पहचान कर ली जाएगी और ड्रोन जब्त कर लिया जाएगा।'' हरिचंदन ने कहा था कि भविष्य में ऐसी घटना न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार मंदिर परिसर के चारों ओर स्थित चार निगरानी टावरों पर चौबीसों घंटे पुलिस कर्मियों को तैनात करने की योजना बना रही है।



## प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में सिलेंडर ब्लास्ट से लगी आग

### कई टेंट जले,मौके पर पहुंचे सीएम योगी

**प्रयागराज़,19 जनवरी 2025 (ए)।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ क्षेत्र में रविवार को आग लगने की घटना सामने आई. इसके बाद मौके पर प्रशासन की टीम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति का जायजा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और आग पर काबू पा लिया गया है. पीएम मोदी ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कर स्थिति की जानकारी ली।

### क्या है पूरा मामला ?

रविवार दोपहर बाद करीब 4:30 बजे कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गीता प्रेस में आग लग गई. आग की लपटें बढ़ने के बाद इसके आसपास के प्रयागवाल के 10 टेंट भी प्रभावित हुए. आग लगने के बाद तुरंत अग्निशमन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया।

### डीएम ने बताई पूरी बात

प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर ने कहा कि गीता प्रेस और आसपास के टेंट में आग लगने की सूचना मिलते ही हम तुरंत कार्रवाई में जुटे. अग्निशमन और पुलिस की टीम ने आग पर तत्परता से काबू पा लिया। अब स्थिति सामान्य है और कोई जनहानि की सूचना नहीं है।. एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत कार्यों में जुटी हुई हैं। आग लगने के बाद मेला अधिकारी विजय किरन और अन्य आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति की समीक्षा की. अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि आग बुझाने के साथ-साथ किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है, कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रयागराज में ही मौजूद सीएम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आग की घटना का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को घटनास्थल पर जाने और राहत कार्यों में तेजी लाने का आदेश दिया। इसके अलावा, सीएम योगी ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

### डिप्टी सीएम भी एक्शन में

इस घटना पर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के सेक्टर 19 (तुलसी मार्ग) पर हुए अग्निकांड के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दल घटनास्थल पर मौजूद है और वहां आने वाले साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की जा रही है। सरकार की ओर से पूरे प्रकरण पर गंभीर नजर भी रखी जा रही है. स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

आग पर काबू पाने के लिए राहतकर्मी की कई टीमें मौके पर मौजूद हैं। दमकल की कई गाड़ियां लगी हुई हैं, लेकिन आग फैलते ही जा रही है। पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें आग पर काबू पाने के लिए आसपास के हिस्से को खाली करवा रही है। आग शास्त्री पुल और रेलवे पुल के बीच के इलाके में लगी है। फिलहाल इस घटना से किसी के हताहत होने की कोई खबर अभी तक नहीं आई है।

## महत्वपूर्ण खबर

### सीमा हैदर के पहले पति ने भारत सरकार से लगाई मदद की गुहार

» एस जयशंकर से कहा... इन्साफ कीजिए...

**कराची/नई दिल्ली,19 जनवरी 2025(ए)।** सीमा हैदर के पहले पति गुलाम हैदर ने भारत सरकार से बड़ी अपील की है। गुलाम ने अपने चार बच्चों से



मिलाने की अपील की है। उन्होंने एक वीडियो संदेश के जरिए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से न्याय की मांग की और अपने बच्चों से मिलने की अनुमति देने की गुहार लगाई है। सीमा हैदर, जो पाकिस्तान के सिंध के जकोबाबाद की निवासी हैं, मई 2023 में नेपाल के रास्ते भारत आई थीं।

### बालों को चुराकर ले जाते सीसीटीवी में कैद



**फरीदाबाद,19 जनवरी 2025(ए)।** हरियाणा के फरीदाबाद में अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां लाखों रुपये कीमत के सामान की चोरी की गई। यह सामान कोई कीमती धातु, जेवरात या कोई और चीज नहीं, बल्कि इंसान के सिर के बाल थे। फिलहाल पुलिस ने शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना को लेकर पुलिस के हाथ सीसीटीवी फुटेज भी लगा है, जिसमें दो आरोपी बालों को चुराकर ले जाते नजर आ रहे हैं।

## अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर हमला

» कहा,अपराधियों के हौसले बुलंद

» कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा झूठा

**लखनऊ,19 जनवरी 2025(ए)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में अपराधी बेखौफ हो चुके हैं। हत्या, लूट और महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं रोजाना बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था चरमरा चुकी है और मुख्यमंत्री का इस पर कोई ध्यान नहीं है।अखिलेश



यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपराधियों को खुली छूट दे रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम अपराधियों पर अंकुश लगाना होना चाहिए, लेकिन भाजपा के दबाव में पुलिस विपक्षी नेताओं और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रही है। उन्होंने एनसीआरबी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अपराध के मामलों में देश में सबसे आगे है। महिलाओं के खिलाफ अपराध और पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में भी राज्य नंबर एक पर पहुंच गया है। थानों को भ्रष्टाचार का अड्डा करार देते हुए उन्होंने कहा कि जनता भाजपा के जंगलराज से त्रस्त हो चुकी है।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को हराकर राज्य को उनके शासन के आतंक और अन्याय से मुक्त करने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस निष्पक्ष होकर काम नहीं करेगी, तब तक अपराध पर लगाम लगाना संभव नहीं होगा।



### 26 जनवरी से उत्तराखंड में लागू हो जाएगा यूनिफॉर्म सिविल कोड

#### बनेगा देश का पहला राज्य

**देहरादून,19 जनवरी 2025(ए)।** उत्तराखंड सरकार 26 जनवरी से राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसा करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा।



### चकमा देकर भाग गई फरार कैदी को खोजने महिला सिपाही ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री से लगाई अर्जी

**कटनी,19 जनवरी 2025(ए)।** एमपी के कटनी जिले से हैरान कर देने वाला मामला समाने आया है। कटनी पुलिस कस्टडी से भागी महिला कैदी को खोजने पुलिस बाबा बागेश्वर के शरण में पहुंच गयी। कैदी को जब पुलिस खोजने में असफल हुई तो पंडित धीरेंद्र शास्त्री से अर्जी लगाने पहुंच गई। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में एक पुलिसकर्मी बाबा से अर्जी लगाते हुए नजर आ रहे है महिला पुलिसकर्मी बता रही है कि बाबा जी दिल्लगी पारधी भाग गई है। इस बात को सुनकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री हंसते हुए नजर आ रहे हैं। फिर आरआई संध्या सिंह ने शास्त्री को आगे बता रही है कि दिल्लगी एक अपराधी है जो इन्हें चकमा देकर भाग गई है। इस पर धीरेंद्र शास्त्री भी चौंक गए।



### कार टायर फटने से पलटी,चार लोगों की मौत,चार अन्य घायल

**बीकानेर,19 जनवरी 2025(ए)।** राजस्थान के बीकानेर जिले के लूणकरणसर थाना क्षेत्र स्थित हंसेरा गांव में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना ने चार लोगों की जान ले ली। घटना में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा तब हुआ जब भोजासर से पेमासर जा रही एक बारात की अर्टिगा कार का टायर फट गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान भोजासर निवासी भगवान दास, विनोद, सुनील और रावतसर निवासी कालूराम के रूप में हुई है। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं।

## महाकुंभ,स्टार्ट-अप कल्चर और अंतरिक्ष में भारत की उड़ान



**नई दिल्ली,19 जनवरी 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 के पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों को संबोधित किया। यह 'मन की बात' का 118वां एपिसोड था, जिसमें उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ, भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ, अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों और स्टार्ट-अप कल्चर पर अपने विचार साझा किए।मन की बात के प्रारंभ में पीएम मोदी ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर बात की। उन्होंने कहा, इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है क्योंकि यह भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। उन्होंने संविधान सभा के उन महान नेताओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण किया, और डॉ. बी आर अंबेडकर, राजेंद्र प्रसाद और शामा प्रसाद मुखर्जी के बयानों का जिक्र करते हुए संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने भारतीय वैज्ञानिकों की अंतरिक्ष में उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भारत ने अंतरिक्ष में सब्जियां उगाने की दिशा में सफलता प्राप्त की है। पीएम मोदी ने बताया कि भारत ने अंतरिक्ष में लोबिया अंकुरित किया है, जिससे भविष्य में अंतरिक्ष में सब्जियां उगाने की संभावना पैदा हो सकती है। साथ ही, उन्होंने स्पेस डॉकींग एक्सरसाइज मिशन का उल्लेख किया, जिसके तहत भारत ने दो भारतीय सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक जोड़कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस मिशन के साथ, भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश बन गया है।

## सरकारी कर्मचारियों को मोदी सरकार का एक और तोहफा




» अब फ्री में इन लग्जरी ट्रेनों में करेंगे सफर

» दो दिन पहले ही 8वें वेतन आयोग को दी थी मंजूरी

**नई दिल्ली,19 जनवरी 2025(ए)।** 8वें वेतन आयोग को मंजूरी देने के 48 घंटे के अंदर मोदी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को एक और तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को LTC के तहत वंदे भारत एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस और तेजस एक्सप्रेस जैसी लग्जरी ट्रेनों में सफर की सुविधा दे दी है। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि सभी लेवल के सरकारी कर्मचारी अब अपनी अवकाश यात्रा रियायत का लाभ उठा सकते हैं।

सरकारी कर्मचारियों के पास अब कुल 385 ट्रेनों में यात्रा करने का विकल्प है, जिसमें 136 वंदे भारत , 97 हमसफर और 8 तेजस एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। इस फैसले से सरकारी कर्मचारियों को देश के सभी क्षेत्रों में एलटीसी यात्रा बुकिंग के लिए ग्लोबल लेवल ट्रेवेल की सुविधा उठा सकते हैं।सरकारी कर्मचारियों की पात्रता के अनुसार, एलटीसी के तहत तेजस एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस और हमसफर एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा की इजाजत मलेगी। केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को एलटीसी का फायदा उठाने पर यात्राओं के लिए टिकट पर किया गया खर्च भी वापस मिल जाता है।



## पत्नी ने पति से मांगी दहेज

### पति से बोली साथ में रहना है तो दो एक करोड़

**कानपुर, 19 जनवरी 2025(ए)।** कानपुर में एक अनोखा मामला सामने आया है, जिसमें पत्नी ने अपने ही पति से एक करोड़ रुपये की मांग की है। यह मामला चौंकाने वाला है क्योंकि आमतौर पर दहेज के मामले दूल्हे पक्ष से जुड़े होते हैं, लेकिन यहां पत्नी ने पति के सामने यह शर्त रख दी है। दरअसल, कानपुर के एक स्कूल के संचालक बजरंग भदौरिया ने अपनी पत्नी लक्षिता सिंह और उसके परिवार के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पति का कहना है कि उनकी पत्नी ने उनसे शर्त रखी है कि अगर वह उसके साथ रहना चाहता है, तो उसे एक करोड़ रुपये चाहिए। यह शर्त पत्नी ने अपनी सरकारी नौकरी लगने के बाद रखी। पति का आरोप है कि नौकरी लगने के बाद उसकी पत्नी ने अपना व्यवहार बदल लिया है और वह अब अपने पिता के घर रहने चली गई है।

## स्कूल में हुई अश्लीलता की सारी हदें पार

» शिक्षक और शिक्षिका का अश्लील वीडियो वायरल,शिक्षा विभाग ने लिया एक्शन

**चित्तौड़गढ़,19 जनवरी 2025(ए)।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में शर्मनाक मामला सामने आया है। चितौड़गढ़ के एक स्कूल का वीडियो वायरल हो गया है जिसमें दो टीचर अश्लील हरकतें करते हुए दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए अधिकारियों की तीन सदस्यों की टीम गठित की गई है। टीम की रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की



जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों ही टीचर को निलंबित कर दिया गया है। दोनों अलग-अलग जगह उपस्थिति देने को कहा गया। ग्रामीणों की मांग के आधार पर तीन सदस्यों की एक जांच कमेटी गठित कर दी गई, जिसकी जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संपादकीय

## शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की अंदरूनी मुश्किलों का इज़हार खुल कर हुआ। पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय क्रिकेट टीम हार जाए, यह अनहोनी नहीं है। हालांकि पिछले दो दौरों में टीम वहां विजय पताका लहरा कर लौटी, मगर उसके पहले का रिकॉर्ड बेहतर नहीं है। वैसे भी हार-जीत खेल का हिस्सा है, इसलिए पराजय पर हाय-तौबा की जरूरत नहीं होती। मगर ऑस्ट्रेलिया के खत्म हुए ताजा दौरे में बात सिर्फ यह नहीं है कि भारत ने 1-3 से सीरीज गंवा दी। बात टीम की अंदरूनी मुश्किलों की है, जिसका इज़हार खुल कर हुआ। पहले तो शृंखला के बीच में ही रविचंद्रन अश्विन रिटायरमेंट का एलान कर भारत लौट गए। उनके और उनके परिजनों से बयानों से साफ है कि अश्विन टीम में खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस कर रहे थे। अश्विन का रिकॉर्ड मैच विनर का रहा।पूरे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में वे चंद गेंदबाजों में हैं, जिन्होंने 500 से ज्यादा विकेट लिए। भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले वे दूसरे खिलाड़ी रहे। ऐसे खिलाड़ी की बे-आबरू विदाई टीम प्रबंधन पर कलंक छोड़ गई। मगर बात वहीं तक नहीं रुकी। अंतिम टेस्ट मैच आते-आते तो हालात ऐसे बने कि कोच गौतम गंभीर ने कप्तान रोहित शर्मा को ही खेलने वाले 11 खिलाडियों से बाहर करने का अभूतपूर्व फैसला ले लिया। इसके बावजूद सिडनी टेस्ट में भारत की बुरी हार हुई। उसके साथ ही टीम के टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की बची-खुची उम्मीदें भी धूल में मिल गईं।अब हाल यह है कि टीम में रोहित के साथ-साथ विराट कोहली का भविष्य भी अनिश्चित हो गया है। मुश्किल यह है कि टेस्ट क्रिकेट का धीरज रखने वाले खिलाड़ी सामने नहीं आ रहे हैं। जो आते हैं, वे टीम प्रबंधन की गलत नीतियों का शिकार हो जाते हैं। यशस्वी जायसवाल को छोड़ कर एक भी नया खिलाड़ी नहीं है, जिससे लंबे भविष्य की उम्मीद जोड़ी जा सके। सरफराज में संभावनाएं हैं, मगर उनको मौका नहीं दिया गया। तो पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता टीम की दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर यह शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।

# आम आदमी पार्टी तो अपना रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं करेगी

***आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया...***

दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मर्यादा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा।
आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन। हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये। यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74



कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ।
यही नहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें विधानसभा की बैठक बुला सकें और वहां से राजनीतिक बयानबाजी कर सकें। दरअसल विधानसभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे। यही नहीं, विधानसभा में सीएजी की जो रिपोर्टें प्रस्तुत की जानी थीं वह भी नहीं की गयीं।
जहां तक आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से बांटी जाने वाली मुफ्त रेवड़ियों की बात है तो उसकी सच्चाई यह है कि जनता को जितना दिया नहीं गया उतना हर योजना में घोटाला हो गया है। यह घोटाले भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके के हैं। मसलन एक दारू की बोतल पर दूसरी बोतल फ्री दी गयी लेकिन शराब नीति के जरिये घोटाला करके दिल्ली के सरकारी खजाने को हजारों करोड़ रुपए का चूना लगा दिया गया। जनता को 200 यूनिट बिजली फ्री देने की बात की गयी लेकिन एक यूनिट फालतू होते ही भारी भरकम बिजली बिल भेजे गये। जनता को 700 लीटर पानी फ्री देने की बात हुई लेकिन लोगों के भारी भरकम पानी के बिल आये। खास बात यह रही कि पानी का बिल तो हर महीने आ गया लेकिन नल से जल हर रोज नहीं आया और जहां जहां नल से जल आया वह गंदा आया।
इसके अलावा प्रदूषण से निबटने की कोई स्थायी और प्रभावी योजना नहीं होने के चलते दिल्ली इतनी प्रदूषित हो गयी कि लोगों को तमाम तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो गयी हैं। अक्सर बुजुर्गों को होने वाली सांस की बीमारी दिल्ली के बच्चों को भी हो गयी है। दिल्ली में पवित्र यमुना नदी को गंदा नाला बनने से रोकने में आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह विफल रही। दिल्ली में यमुना का जल इतना प्रदूषित है कि त्योहारों पर श्रद्धालु अगर पानी में चले जायें तो उन्हें चर्म रोग हो जाते हैं और इस पानी का शोधन करने में मशीनों के हाथ पांव फूल जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली की सरकार अपने शिक्षा मॉडल का ढिंढोरा खूब पीटती है लेकिन अपने अब तक के कार्यकाल में वह एक भी नया स्कूल, एक भी नया कॉलेज या एक भी नया अस्पताल नहीं बना सकी है। दिल्ली में जल निकासी की व्यवस्था इतनी खराब है कि बारिश आने पर बेसमेंट में पानी भर जाने से छात्र डूब कर मर जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली एमसीडी में आम आदमी पार्टी का शासन होने के बावजूद कूड़े के पहाड़ वहीं के वहीं हैं।
इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल भले इस समय मंदिर मंदिर जाकर हिंदुओं को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन तथ्य यह है कि आम आदमी पार्टी के शासन के दौरान ही हिंदू दीवाली पर पटाखे नहीं चला पाये। यह बात भी गौर करने लायक है कि आम आदमी पार्टी महिलाओं को अभी 1000 रुपए मासिक देने और चुनाव बाद 2100 रुपए देने की बात कर रही है लेकिन सवाल उठता है कि महिलाओं की सुध उसे अपने शासन की शुरुआत या मध्य में क्यों नहीं आई थी? यही नहीं, एक दारू की बोतल पर दूसरी दारू की बोतल फ्री देकर आम आदमी पार्टी ने महिलाओं का ही सिरदर्द सबसे ज्यादा बढ़ाया था।
वैसे यहां सवाल आम आदमी पार्टी से ही नहीं है बल्कि दिल्ली के मतदाताओं से भी है। आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में किये गये फ्री के वादों को देखने की बजाय क्या किसी मतदाता ने इस सरकार का रिपोर्ट कार्ड देखा है। दिल्ली के मतदाताओं को यह जानकर हैरानी होगी कि अपने घोषणापत्र का प्रचार कर रही आम आदमी पार्टी की सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं पेश कर रही है क्योंकि रिपोर्ट में दिखाने के लिए कुछ है ही नहीं।
दिल्ली के मतदाताओं पर देश की नजर इसलिए भी है क्योंकि नवीनतम सांख्यिकीय पुस्तिका दर्शाती है कि साल 2023-24 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4,61,910 रुपये थी जो देश में गोवा और सिक्किम के बाद तीसरी सबसे अधिक है। यानि शहर की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय स्तर की प्रति व्यक्ति आय 1,84,205 रुपये से दोगुनी से भी अधिक थी। इसके अलावा एक और आंकड़ा यह बताता है कि सबसे कम महंगाई दर के मामले में झारखंड के बाद दिल्ली का नंबर आता है। यानि दिल्ली में आमदनी ज्यादा है और महंगाई कम है इसलिए सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में भी सबको सब कुछ फ्री में क्यों चाहिए? देश की जनता देख रही है कि क्या दिल्ली का मतदाता अपने निजी फायदे पर ध्यान देने की बजाय इस बार अपने शहर के फायदे को देखेगा?

**-नीरज कुमार दुबे-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# महिलाओं की सहभागिता और योगदान

21वीं सदी का यह दौर मानवता के इतिहास में एक ऐसा समय है, जब दुनिया भर में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन तेजी से हो रहे हैं।ऐसे में जब भी बात महिलाओं के अधिकारों और उनके सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक सशक्तिकरण की होती है, तो यह एक ऐसे संघर्ष की कहानी बयां करता है, जो सदियों से चली आ रही है। विश्व के कई देशों में आज भी महिलाएं समानता, स्वतंत्रता और अपने मौलिक अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। अलबत्ता इस वैश्विकी संघर्ष के बीच भारत ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई इबारतें लिखी हैं और अनोखी पहचान बनाई है। इस लिहाज से भारत की चर्चा का खास महत्त्व है। महिलाओं की सहभागिता और योगदान ने यहां के पारंपरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने को मजबूती दी है।मौजूदा संदर्भ में बात करें तो भारत का परिदृश्य बदल चुका है। यह बदलाव केवल महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं, बल्कि समाज और देश की प्रगति के लिए एक नये युग की शुरु आत का संकेत है। भारत में महिला सशक्तिकरण की कहानी केवल संघर्ष और चुनौतियों तक सीमित नहीं है। यह वह समय है, जब भारतीय महिलाएं परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को साधते हुए अपनी पहचान को नये सिरे से गढ़ रही हैं। इस दौर में जब वैश्विकी मंच पर महिला सशक्तिकरण की बातें हो रही हैं, भारत ने न केवल अपनी महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया है, बल्कि यह दिखाया है कि बदलाव संभव है।एक ऐसा ही उदाहरण है, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) का ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान, जो एक प्रेरणादायक बदलाव का प्रतीक बनकर उभरा है। यह ऐतिहासिक पहल पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्र में महिलाओं की साहसिक दस्तक है, जो न केवल परंपराओं को चुनौती देती है, बल्कि नये आयाम भी गढ़ती है। उत्तराखंड के गंगोत्री से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक 2,500 किलोमीटर की यात्रा न केवल साहसिक है, बल्कि प्रेरणादायक भी। यह अभियान उन्हें



साहस, सामूहिकता और नेतृत्व की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है।इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ गंगा के प्रवाह को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में उसकी पवित्रता और महत्ता की लौ जलाना भी है। गंगा, जो भारतीय जनमानस के लिए मात्र एक जलधारा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता का भी प्रतीक है। पर बीते दशकों में बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण के कारण यह जीवनरेखा काफी चुनौतियों का सामना कर रही है। गंगा के किनारे रहने वाले हर नागरिक को यह समझने की आवश्यकता है कि उनकी छोटी-छोटी आदतें, जैसे प्लास्टिक का उपयोग बंद करना, गंगा के तटों की सफाई बनाए रखना और जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, गंगा के संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकती हैं।गंगा और उसकी सहायक नदियों के कायाकल्प के इस संकल्प में महिलाओं की भागीदारी समाज को यह संदेश देती है कि नदी संरक्षण सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक पवित्र आंदोलन है। गंगा का संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों पर निर्भर नहीं हो सकता। यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें समाज के हर वर्ग को अपनी भूमिका निभानी होगी। इस अभियान के दौरान महिलाओं ने गंगा के किनारे बसे समुदायों के साथ बातचीत की और उन्हें जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। वेटलैंड्स का दौरा, घाटों पर संवाद, और जल संरक्षण पर आधारित क्विज़ जैसे कार्यक्रमों ने गंगा संरक्षण की दिशा में सामूहिक चेतना को बढ़ावा दिया। अभियान इस बात को भी रेखांकित करता है कि गंगा का संरक्षण केवल पर्यावरणीय सुधार नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। जब हम गंगा को साफ रखने की बात करते हैं, तो इसका अर्थ केवल प्रदूषण को रोकना नहीं, बल्कि समग्र पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना भी है।यह अभियान इस दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। इस अभियान ने महिलाओं को एक नई पहचान दी है। इसके माध्यम से यह संदेश स्पष्ट है कि महिलाएं समाज में किसी भी भूमिका को निभाने में सक्षम हैं, चाहे वह नेतृत्व हो, संरक्षण हो या समाज में बदलाव लाने की जिम्मेदारी। महिला सशक्तिकरण केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है; यह समाज की प्रगति और स्थिरता का आधार भी है। अपनी रोमांचक यात्रा के दौरान, राफ्टिंग दल ने पांच राज्यों के विभिन्न जिलों में स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर नदियों के किनारों को संवारने का संकल्प लिया। इस अभियान ने स्वच्छता का ऐसा महोत्सव रचा, जिसमें हर आयु और वर्ग के लोग प्रेरणा और उत्साह से भर उठे। यह यात्रा सिर्फ रोमांच और चुनौतियों से भरा एक अनुभव नहीं थी, बल्कि नदियों के प्रति सम्मान और समुदायों के बीच एकता की एक नई धारा प्रवाहित करने का प्रयास है।


**-मो. नजीब अहसन-**

## कविता
## भोले की दुनिया

घटती-घटना



कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी
गांधीनगर, इंदौर, म.प्र.



सब कहते भोले ने दुनिया,
ऊपर बसा कर रक्खी है,
हमें समय का भान नहीं है,
भोले तुम खुद आओ ना।
सब कहते भोले ....
मन की एक-एक बात कहेंगे,
तीखी-मीठी बात करेंगे,
जीवन की रुत हो चाहे कैसी,
भोले की ही बात कहेंगे।
सब कहते भोले ...
मन में कोई छुपाव न होगा,
भोले-भक्ति का भाव ही होगा,
शक्ति भर देंगे जब भोले,
तन-मन में कोई घाव न होगा।
सब कहते भोले ....
कण-कण में सब शंकर-शंकर,
दीप दीये से रज-कण अंतर,
मन के कलुषित भावों को भी,
श्वेत-धवल कर देते शंकर।
सब कहते भोले ...
आओ भोले-भोले करते,
बीती सारी हम बिसराएं,
होठों में भर गान प्रभु का,
भोले-भोले हम-सब गाएं।
सब कहते भोले ...

# विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी के भीतर खेला

खेला होबे',खेला होबे', यानी खेल होगा, खेल होगा? वाले जिस लोकप्रिय चुनावी नारे के बलबूते तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने 2021 (पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव) और 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा समेत तमाम विरोधी दलों को धूल चटाते हुए चुनावी रण से बाहर का रास्ता दिखाया था, मौजूदा समय में वही खेला' टीएमसी के भीतर होते दिख रहा है।बुआ (ममता बनर्जी) और भतीजे (अभिषेक बनर्जी) के बीच इन दिनों जो चल रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि जल्द ही टीएमसी में भी कुछ बड़ा खेला' होने वाला है।वैसे कई दफा और कई मुद्दों पर बुआ-भतीजे में मतभेद की खबरें आती रही हैं, लेकिन बीते दिनों अभिषेक के करीबी और विश्वासपात्र माने जाने वाले दो नेताओं (पूर्व सांसद डॉ. शांतनु सेन और अराबुल इस्लाम) को बाहर का रास्ता दिखा कर ममता ने बताने की कोशिश की है कि पार्टी में सर्वेसर्वा केवल वे ही हैं। टीएमसी के कुछ नेता यह जरूर चाहते हैं कि भुआ-भतीजे का विवाद जल्द समाप्त हो जाए लेकिन विपक्ष विशेषकर भाजपा चाहती है कि भुआ-भतीजे के बीच दूरियां जितनी बढ़ेंगी, आगामी विधानसभा चुनाव में जीत उसके उतनी ही करीब होगी। मालूम हो कि 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं।गत लोक सभा चुनाव में राज्य में मिली करारी हार के बाद भाजपा अभी तक सूबे में अपना संगठन मजबूत नहीं कर पाई है। प्रदेश के भाजपा नेता चाहते हैं कि उनका संगठन चाहे मजबूत हो न हो, लेकिन टीएमसी का संगठन जरूर कमजोर हो जाए। सांगठनिक ताकत के तौर पर वाम मोर्चा और कांग्रेस भी नये सिरे से अपनी शुरु आत के पक्ष में हैं। 2011, 2016 और 2021 में जीत यानी हैट्रिक लगाने वाली टीएमसी अपना घर ठीक से नहीं चला पा रही है। ममता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी की मुखिया हैं, तो अभिषेक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद हैं। सभी जानते हैं कि ममता के बूते ही अभिषेक को पहचान मिली, कई दफा सांसद बनने का मौका मिला और पार्टी में महासचिव जैसा महत्वपूर्ण पद भी, लेकिन अब अभिषेक की महत्वाकांक्षा और पार्टी में दखलअंदाजी बढ़ गई है, जो ममता को रास नहीं आ रहा।अंदरखाने सूत्रों ने बताया कि इन दिनों भुआ-भतीजे के रिश्ते में पहली वाली मधुरता नहीं है। दोनों के बीच कई बार मतभेद और रार हो चुकी हैं, लेकिन अब लड़ाई सतह पर आती नजर आ रही है। भुआ-भतीजे के मनमुटाव का असर पार्टी की सेहत पर न पड़े, इसे लेकर टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी दो खेमे में बंट गई है। एक खेमा है ममता बनर्जी का, जिसमें वे नेता शामिल हैं, जो टीएमसी के संघर्ष के दिनों से ममता के साथ हैं। दूसरा खेमा है अभिषेक का जिसमें अधिकतर नेता ऐसे हैं जिन्होंने टीएमसी के एक मुकाम पर पहुंचने के बाद जोड़ाफूल' (टीएमसी का चुनाव चिन्ह) थामा था। ऐसे में टीएमसी नये-पुराने नेताओं में बंटती नजर आ रही है।टीएमसी में महीनों से विवाद जारी है, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के बीच मतभेदों का कोई अंत नजर नहीं आ रहा है।



**-शंकर जालान-**

# जारवा लोगों को मत का अधिकार मिला

आदिम जनजाति जारवा अंडमान-द्वीप समूह की एक प्रमुख जनजाति है। ये आज भी अर्ध-खानाबदोश आदिम जीवन-शैली जी रहे हैं। प्राकृतिक रूप में उपलब्ध वन-संसाधन ही इनके आजीविका के प्रमुख साधन हैं। स्थानीय प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े रहकर ये अपनी जीवन-शैली में मस्त हैं। जारवा लोग बाहरी संपर्क से अलग-थलग हैं। इसी कारण उनकी अनूठी सांस्कृतिक परंपरा और भाषा-बोली संरक्षित हैं। वे दक्षिणी और मध्य अंडमान द्वीप समूह के पश्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। स्थानीय प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद अब इस जनजाति समूह को संवैधानिक लोकतांत्रिक धारा से जोड़े जाने की ऐतिहासिक पहल हुई है।इस समुदाय के 19 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करके, उन्हें मतदाता पहचान-पत्र दिए गए हैं। अंडमान द्वीप समूह के मुख्य सचिव चंद्रभूषण कुमार ने दक्षिण अंडमान जिले के जिरकाटांग स्थित बस्ती में पहुंचकर पहली बार मतदाता बने लोगों को पहचान-पत्र सौंपे। जारवा समुदाय की इन पहचान-पत्रों से भारतीय होने की नागरिकता सुनिश्चित हुई है। साथ ही यह उनकी निजता की रक्षा के लिए एक व्यापक उपाय भी है। इस कार्यवाही से उम्मीद जगी है कि भविष्य में इस द्वीप समूह के सभी लोग भारतीय नागरिक के रूप में मतदाता बना दिए जाएंगे। वरना एक समय इस द्वीप समूह में प्रवेश पाना मौत को आमंतण्रदेना था।इस कार्यवाही को पूरी करने में अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जिसने सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और सम्मानजनक तरीके से उनकी भाषा में चुनावी प्रक्रिया के बारे में जारवा समुदाय से संवाद करके उनके बीच जागरूकता पैदा करके इस प्रक्रिया को सुगम बनाया। जारवा समुदाय अंडमान द्वीप समूह के दक्षिण और मध्य तथा पष्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। यह पूरा क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है। इसे ही इस समुदाय ने अपने पारंपरिक जीवनशैली के अनुरूप ढाल लिया है। जारवा समुदाय के साथ पहला उल्लेखनीय दोस्ताना संबंध अप्रैल 1996 में हुआ था, जो बाहरी दुनिया के साथ उनके संपर्क में एक अहम मोड़ साबित हुआ।इस संबंध के लिए शायद प्रकृति ने ही घटनाक्रम रचा था। दरअसल, जारवा जनजाति के 21 वर्षीय एनमेई को अपने बाएं टखने में गहरी चोट आई थी। प्रशासन ने करुणा का परिचय देते हुए एनमेई का उदारतापूर्वक उपचार कराया और ठीक होने के बाद उन्हें सुरक्षित बस्ती में वापस भेज दिया। यहां से प्रशासन और समुदाय के बीच विश्वास का जो संवाद बना, उसने आज इस समुदाय के लोगों के भारतीय नागरिक होने के पहचान के रूप में मतदाता पहचान-पत्र सौंपने का मार्ग प्रशस्त किया। अन्यथा जारवा समूह से जो भी कोई संपर्क करने की सोचता था, उसे हिंसक टकराव का सामना करना पड़ता रहा है। दरअसल,



जो लोग स्वयं को सभ्य और आधुनिक समाज का हिस्सा मानते रहे हैं, वही लोग प्राकृतिक अवस्था में रह इन लोगों को इंसान मानने की बजाय लगभग जंगली जानवर ही मानते रहे हैं। आधुनिक कहे जाने वाले समाज की यह एक ऐसी विडंबना है, जो सभ्यता के दायरे में कतई नहीं आती।अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में रह रहे लुप्तप्राय जारवा प्रजाति की महिलाओं को स्वादिष्ट भोजन का लालच देकर सैलानियों के सामने नचाने के कुछ साल पहले वीडियो-दृश्य ब्रिटिश अखबारों में सिलसिलेवार छपे थे। इन्हें शासन-प्रशासन के स्तर पर झुठलाने कवायद की गई थी, परंतु यह ठोस हकीकत थी। अभयारण्य में दुर्लभ वन्य जीवों को देखने की मंशा की तरह, दुर्लभ मानव प्रजातियों को भी देखने की इच्छा नव-धनाढ्यों और रसूखदारों में पनप रही है, और जिस सरकारी तंत्र को आदिवासियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था, वही इन्हें लालच देकर नचवाने का काम कर रहा था। इसी कुत्सित मानसिकता के चलते कुछ लोग जारवाओं को इंसानों की बजाए, मनोरंजक खिलौने भी मानते रहे हैं। आधुनिक विकास और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए वन कानून में लगातार हो रहे बदलावों के चलते अंडमान में ही नहीं देश भर की जनजातियों की संख्या लगातार घट रही हैं। आहार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों की कमी होती जा रही है। इन्हीं वजहों के चलते अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग दुर्गम टापुओं पर जंगलों में समूह बनाकर रहने वाली जनजातियों का अन्य समुदायों और प्रशासन से बहुत सीमित संपर्क है। यही वजह है कि इनकी संख्या घटकर महज 381 रह गई है।एक अन्य टापू पर रहने वाले ग्रेट अंडमानी जनजाति के लोगों की आबादी केवल 97 के करीब है। इन लोगों में प्रतिरोधात्मक क्षमता इतनी कम होती है कि ये एक बार बीमार हुए तो इनका बचना नामुमकिन हो जाता है। हालांकि अब इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए टीकाकरण करने और पौष्टिक खुराक देने के उपाय निरंतर किए जा रहे हैं। मतदान का अधिकार मिल जाने से तय है, यहां लोकतांत्रिक गतिविधियां भी कालांतर में बढ़ेंगी। करीब दो दशक पहले तक ये लोग पूरी तरह निर्वस्त्र रहते थे, लेकिन सरकारी कोशिशों और इनकी बोली के जानकार दुभाषियों के माध्यम से समझाइश देने पर इन्होंने थोड़े-बहुत कपड़े पहनने अथवा पत्ते लपेटने शुरू कर दिए हैं।भारत की सांस्कृतिक विविधता अनूठी खूबसूरती है। यहां विभिन्न आदिवासी समुदायों को अपने पुरातन व सनातन परिवेश में रहने की स्वतंत्रता हासिल है। हमारे देश के सांस्कृतिक परिवेश में नग्नता कभी फूहड़ अश्लीलता का पर्याय नहीं रही। पाश्चात्य मूल्यों और भौतिकवादी आधुनिकता ने ही प्राकृतिक व स्वाभाविक नग्नता को दमित काम-वासना की पृष्ठभूमि में रेखांकित किया है। वरना हमारे यहां तो खजुराहो, कोणार्क और कामसूत्र जैसे नितांत व मौलिक रचनाधर्मिता से स्पष्ट होता है कि एक राष्ट्र के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में हम कितनी व्यापक मानसिक दृष्टि से परिपक्व लोग थे। अब लोगों को जो मत का अधिकार मिला है, उसके तहत ये अन्य समुदायों में विलय होंगे और इनका आवागमन भी बढ़ेगा। इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बढ़ेगी।

**-प्रमोद भार्गव-**

## कविता
## लक्ष्य पर तेरा निशाना हो

घटती-घटना



अशोक पटेल
तुसमा शिवरीनारायण छत्तीसगढ़

लक्ष्य पर तेरा निशाना हो
मंजिल ही तेरा किनारा हो
मन क्यों दौड़ाते हो बेवजह
लक्ष्य में तेरा ध्यान सारा हो।
अर्जुन सा, तुझमें दृढ़ता हो
ध्यान में तेरी,एकाग्रता हो
लक्ष्य तू ही,भेद सकता है
तेरे विश्वास में, महानता हो।
एकलव्य जैसा अभ्यास हो
सफलता का ये आभास हो
दृढ लगन तुझमें ये खास हो
मन में अटूट तेरा विश्वास हो।
तू अटल है शेर, सा निडर है
तुझमे ही छिपा, सिकंदर है
तुझमें वह अडिग, साहस हैं
तेरे हाथों ही तेरा, मुक़द्दर है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# लोकसभा और विधानसभा की तरह इस बार भी हम जीतेंगे:अजय जामवाल






- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आज अंबिकापुर पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में भाजपा की महत्वपूर्ण संभागीय बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा संभाग प्रभारी राजा पाण्डेय शामिल हुए।

इस अवसर हम जीतेंगे का नारा लगाते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कहा कि आप सब ने वर्तमान में हुए जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष चुनने में एक जुटता दिखाई है, इसी प्रकार होने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जीतने वाले प्रत्याशी का चयन कीजिए , तो अवश्य ÷हम जीतेंगे÷।

उन्होंने कहा कि पिछले विधान सभा और लोकसभा चुनावों में आप लोगों के कड़ी मेहनत से सरगुजा संभाग में परिणाम शत प्रतिशत रहा है,इस बार भी हमें संकल्प के साथ काम करना है।

आगे उन्होंने कहा कि हमारे और कांग्रेसियों के विचारधारा में बहुत अंतर है, हम सत्ता में इसलिए आना चाहते हैं कि समाज सेवा के लिए सबसे गतिशील साधन सत्ता है।आज मोदी जी के नेतृत्व ने देश में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है, भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेक गरीबी मूलक योजनाओं से लाभान्वित होकर लाखों परिवार सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। गरीब एवं समाज के लिए हमारी सरकार ने सब कुछ किया है, समाज हमारे अनुकूल है, जनता प्रदेश में विष्णुदेव सरकार व देश में मोदी जी को चाहती है, हमें संकल्प लेते हुए तालमेल मिलाकर साथ काम करना है और पिछले चुनाव में हमने जो इतिहास बनाया है वह हमें इन चुनावों में करके दिखाना है।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद अब यह कार्यकर्ताओं का चुनाव है प्रत्याशी का चयन जितना अच्छा होगा परिणाम उतने ही अच्छे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हम जिस विचारधारा के लिए काम करते हैं और बड़ी संख्या में भाजपा प्रत्याशी जब जीतेंगे तो हमारी विचारधारा को मजबूती मिलेगा और हम समाज के लिए जो करना चाहते हैं वह कर पाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल में कहां कि आज हमारी भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में 1 साल पूरे किए हैं, हमें विष्णु देव सरकार की उपलब्धियां को जनता के बीच लेकर जाना है। पिछली कांग्रेस की सरकार ने झूठी घोषणा पत्र जारी करके जनता के साथ छल किया था उनके 5 साल के कार्यकाल की तुलना में हमारी सरकार की एक साल का कार्यकाल जनता के हित में भारी है। यदि हम अपनी सरकार की योजना और उपलब्धियां को लेकर जनता के बीच जाएंगे तो हमें जनता से अधिकतम विश्वास हासिल होगा। उन्होंने कहा कि सरगुजा संभाग ने हमें मुख्यमंत्री मंत्री विधायक दिया है, और आगे भी हम नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव हम जीतेंगे। कार्यक्रम का संचालन संभाग प्रभारी राजा पांडे ने तथा आभार प्रदर्शन सरगुजा बीजेपी जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने किया। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष गोमती साय, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, जिला संगठन प्रभारी ज्योतिनंद दुबे, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक रायमुनि भगत, विधायक रामकुमार टोप्पो, विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, चम्पा देवी पावले, मुरलीधर सोनी, ओमप्रकाश जायसवाल, देवेन्द्र तिवारी, भारत सिंह, कृष्णा राय, नरेश नंदे, ललन प्रताप सिंह, अखिलेश सोनी, रजनीश सिंह, कमलभान सिंह, हरपाल सिंह भामरा तथा अंबिकेश केशरी सहित सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर, जशपुर तथा एमसीबी जिले के प्रमुख भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गांजा तस्करी के मामले में फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



गांजा तस्करी के मामले में कोतवाली पुलिस ने फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने 15 अगस्त 2024 को गांजा तस्करी के मामले में दिनेश पासवान उर्फ छोटन पिता निठोहर पासवान उम्र 30 वर्ष, प्रदीप पासवान उर्फ अलोक पिता मिश्री पासवान उम्र 20 वर्ष दोनो निवासी मचवन पोस्ट तियरा थाना शाहबगंज जिला चंदौली उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इनक कब्जे से कुल 22 किलो गांजा जब्त किया था। वहीं पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि चंदौली उत्तरप्रदेश निवासी मोनू उर्फ प्रदीप यादव के कहने पर हमलोग गांजा ओडिशा से लेकर जा रहे थे। तब से प्रदीप यादव फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## दीवार के नीचे दबने से मजदूर की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

काम करने के दौरान मजदूर पर दीवार गिर गया। मलबे के नीचे दबने से मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार हरीलाल यादव पिता तुलशी राम उम्र 20 वर्ष जयनगर थाना क्षेत्र के पहाड़ गांव का रहने वाला था। वह शनिवार को गांव में ही उजीत गोड़ के यहां अन्य मजदूरों के साथ मजदूरी करने गया था। वह दीवार के समीप खड़े होकर काम कर रहा था। तभी ट्रैक्टर के ट्राली से धक्का से दीवार गिरवाया जा रहा था। इधर दीवार के पीछे खड़े हरीलाल को इसकी जानकारी नहीं थी। ट्रैक्टर ने जैसे ही दीवार को धक्का दिया दीवार भर-भराकर हरीलाल के ऊपर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे तत्काल मलबे से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सडक़ हादसे में 15 वर्षीय नाबालिक की मौत,दूसरा युवक आईसीयू में भर्ती

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबिकापुर बिलासपुर मुख्य नेशनल हाईवे 130 स्थित हंस डांड के समीप शनिवार की रात 8 बजे हुए सडक़ हादसे में 15 वर्षी नाबालिक बालक की मौत हो गई वह दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबित पीयूष दास पिता अमरेश दास 15 वर्ष अपने साथी शुभम विश्वकर्मा (रावण)18 वर्ष उदयपुर निवासी के साथ होंडा मोटरसाइकिल में सवार होकर उदयपुर से लखनपुर शराब भट्ठी में दोस्तों की पार्टी करने के लिए शराब लेने निकले हुए थे। दोनों लोग मोटरसाइकिल से लखनपुर शराब भट्ठी से एक बैग बियर और अन्य प्रकार का शराब भर कर उदयपुर जा रहे थे। वहीं 15 वर्षीय पियूष दास एक नग शराब की बोतल को अपने अंडरवियर गारमेंट्स में रखा हुआ। बाइक चालक ने तेज रफ्तार से उदयपुर की ओर जा रहे थे। एनएच 130 अंबिकापुर बिलासपुर मुख्य मार्ग पर हंसडांड सागौन नर्सरी के समीप से ऊबड़ खाबड़ सडक़ पर बाइक चलाने से बाइक का अनियंत्रित हो गया और बाइक के पीछे बैठा 15 वर्षी पियूष दास उछलकर सडक़ पर गिरा अंडरवियर में रखें शराब की बोतल टूट कर उसके गुप्तांग में घुसने से गंभीर चोट आई अत्यधिक खून के बहने से बेहोश हो गया मोटरसाइकिल चालक शुभम विश्वकर्मा को भी चोटे आई। दुर्घटना के बाद एन एच के दोनों तरफ जाम लग गया वहीं अंबिकापुर तरफ से आ रहे शुभम भदोरिया के द्वारा पहचान करने पर वाहनों को किनारे करवाया और बिलासपुर की ओर से आ रही इनोवा कार की सहायता से घायल युवको को तत्काल एसआरएस हॉस्पिटल अंबिकापुर उपचार हेतु ले जाया गया जहां डॉक्टर ने पीयूष दास को मृत घोषित कर दिया गया वही मोटरसाइकिल का मालिक मौके पर पहुंचकर मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया और मोटरसाइकिल चालक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जिसका उपचार जारी है। मौके पर पहुंच कर पुलिस के द्वारा मुआयना कर पंचनामा पोस्ट मार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि पीयूष दास का शव को उसके गृह ग्राम कुशू में अंतिम संस्कार जा रहा है। मृतक का पिता उदयपुर में टेलरिंग का काम करते हैं 15 वर्ष की नाबालिक बच्चे का मौत का गहरा सदमा उसके परिवार वालों को लगा है। अभी तक किसका मोटरसाइकिल से हादसा हुआ है और कहां के पार्टी के लिए शराब लेकर जा रहे थे इसका पता नहीं चल सका है । यह हादसा तेज रफ्तार वाहन चलाने शराब सेवन व सडक़ निर्माण कंपनी का लापरवाही हो सकता है।






## महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

महिला से छेड़छाड़ के मामले में लुण्ड्रा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला 13 जनवरी को रात को घर में सो रही थी। तभी गांव के ही एक युवक ने महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने लगा। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसका पति उठा तो युवक वहां से भाग गया। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाना में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कालिंदर टोप्पो उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## कीटनाशक सेवन कर युवक ने दी जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

एक युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर आत्महत्या कर ली। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जानकारी के अनुसार प्रह्लाद देवांगन पिता स्व. सिलोचन उम्र 40 वर्ष सूरजपुर जिल के प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलकोना का रहने वाला था। वह 18 जनवरी को अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर लिया था। जानकारी होने पर परिजन उसे इलज के लिए प्रेमनगर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों द्वारा रेफर करने पर परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

# एनएसयूआई ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के खिलाफ किया प्रदर्शन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



एनएसयूआई ने रविवार को प्रदेश के वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के खिलाफ प्रदर्शन कर पूतला दहन किया है। शनिवार को सरगुजा प्रवास पर आए वित्त मंत्री से मिलकर कृषि एवं उद्यानिकी पास आउट छात्रों ने नौकरी व भर्ती निकालने की मांग की थी। इस पर वित्त मंत्री ने उन्हें उद्यानिकी सिखाने की बात कही थी। इससे बेरोजगार युवा नाराज हो गए थे और विरोध जताया था। वहीं रविवार को इसी घटना के विरोध में एनएसयूआई के के जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने कहा अगर जल्द कृषि छात्रों के साथ न्याय नहीं हुआ और उनके विभाग में नौकरी के पद स्वीकृत नहीं किए गए तो छात्र और उग्र आंदोलन करेंगे। विरोध प्रदर्शन में आलोक सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, धीरज गुप्ता, अविनाश ठाकुर, अभिषेक सोनी, दीपेश धर, अभिनव पाण्डेय, ज्ञान तिवारी, ऋषिकेश मिश्रा, गौतम गुप्ता, अतुल यादव, अवि गोस्वामी, ऋषभ जायसवाल, अंकित जायसवाल, प्रियांशु, राहुल सोनी, आयुष पाण्डेय, अभय दुबे, पंकज साहू, अभी साहू, सचिन, प्रिंस, सुखदेव, मनोज, धनंजय, शुभम, शकील, रोशन, अभिषेक, प्रीतम, आशुतोष, शुभम सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## स्कूटी शो रूम में चोरी, नकदी व कई सामान पार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के एमजी रोड स्थित एक स्कूटी शो रूम में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने निर्माणाधीन मकान के ऊपर चढक़र शो रूम के अंदर घुसकर वारदात को अंजाम दिया है। शो रूम संचालक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर निवासी दीपक अग्रवाल एमजी रोड स्थित स्कूटी शो रूम का संचालक हैं। वह 17 जनवरी की रात करीब 8 बजे शो रूम बंदकर स्वयं व स्टाफ अपने-अपने घर चले गए थे। दूसरे दिन सुबह करीब 10 बजे शो रूम खोलकर अंदर घुसे तो सामान बिखरा पड़ा था। देखने पर पता चला की बगल में निर्माणाधीन मकान के ऊपर चढक़र चोरों ने सीढ़ी से शो रूम में उतरकर वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने शो रूम में लगे 11 नग सीसीटीवी कैमरा, कैमरे का डीबीआर, कैमरे का 3 नग पीओई, एक नग टवी व अन्य सामान सहित दराज में रखे 2540 रुपए नकद पार कर दिया है। शो रूम संचालक ने पुलिस को बताया है कि इससे पूर्व 31 दिसंबर 2024 की रात को भी चोरों ने छत के रास्ते अंदर घुसकर एस्बेस्टर शीट को तोडक़र दराज से 15 हजार रुपए नकद पार कर दिया था। दुकान संचालक दीपक अग्रवाल ने मामल की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



# 100 फाइल तैयार, शपथ के तुरंत बाद लेंगे ऐतिहासिक फैसले



**नई दिल्ली, 19 जनवरी 2025।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार (20 जनवरी) को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। उम्मीद जताई जा रही है राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही ट्रंप कई अहम फैसले लेने वाले हैं।

उनकी टीम ने कामों की लंबी लिस्ट बना रखी है। सत्ता संभालने के तुरंत बाद वह ऐसी कम से कम 100 फाइलों पर हस्ताक्षर करेंगे। जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रपति की शपथ लेने के तुरंत बाद ट्रंप व्हाइट हाउस में दाखिल होंगे और अधिकारियों से मीटिंग करेंगे।

### मैं राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद कई अहम फैसले लूंगा: ट्रंप

एनबीसी न्यूज से बातचीत करते हुए ट्रंप ने बताया कि सोमवार को पदभार ग्रहण करने के बाद वे कई आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे, यह अभी निर्धारित नहीं किया गया है, लेकिन यह रिकॉर्ड नंबर मैं फैसले लिए जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या यह 100 से अधिक होगा, इसपर ट्रंप ने कहा,कम से कम इतना तो हो सकता है। ट्रंप ने आगे बताया कि बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों का निष्कासन बहुत जल्दी शुरू होगा।

### इन मुद्दों पर जल्द फैसला ले सकती है ट्रंप प्रशासन

उनके करीबी सहयोगी स्टीफन मिलर ने एक समाचार चैनल को जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिणी सीमा को सील करने, बड़े पैमाने पर निर्वासन, महिलाओं के खेल में ट्रांसजेंडर लोगों को रोकना, ऊर्जा अन्वेषण पर प्रतिबंध हटाना और सरकारी दक्षता में सुधार करने जैसे विषय पर ट्रंप जल्द ही फैसले लेंगे। आशंका जताई जा रही है कि बाइडन प्रशासन में लिए गए कुछ फैसलों को भी ट्रंप बदल सकते हैं।

# हिरासत बढ़ाए जाने पर भड़के यून के समर्थक कोर्ट में घुसे, जमकर की तोड़फोड़, नौ पुलिस अधिकारी घायल

**सियोल, 19 जनवरी 2025।** महाभियोग का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को रविवार तड़के औपचारिक रूप से गिरफ्तार करते हुए उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी गई। इसकी सूचना के बाद बड़ी संख्या में उनके समर्थक कोर्ट परिसर में घुस पड़े और अदालत में तोड़फोड़ की। झड़प में नौ पुलिसकर्मी व 40 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने 46 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यून ने समर्थकों से शांति व सुरक्षाकर्मियों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।



पुलिस ने बताया कि अदालत की तरफ से यून की हिरासत अवधि बढ़ाए जाने का फैसला सुनाने के थोड़ी देर बाद ही बड़ी संख्या में उनके समर्थक पुलिस का घेरा तोड़ते हुए अदालत परिसर में घुस पड़े। वीडियो फुटेज में दिखाई देता है कि अदालत के मुख्य पर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों पर प्रदर्शनकारी अग्निशामक फेंक रहे हैं। अदालत परिसर में प्रदर्शनकारी फैले हुए हैं और वे उपकरणों व कुर्सी-मेज आदि को तोड़ रहे हैं।

पुलिस को प्रदर्शनकारियों को काबू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ घंटे बाद पुलिस 46 लोगों को गिरफ्तार कर स्थिति पर काबू पाने में सफल रही। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने एक बयान में कहा, सरकार हिंसा पर गहरा खेद व्यक्त करती है... यह एक लोकतांत्रिक समाज में अकल्पनीय है। उन्होंने कहा कि अधिकारी सभाओं के आसपास सुरक्षा उपाय बढ़ाएंगे।

उल्लेखनीय है कि यून के आवास पर कानून प्रवर्तन एजेंसी ने व्यापक अभियान चलाकर उन्हें बुधवार को हिरासत में लिया था। उन पर 3 दिसंबर को मार्शल लॉ की घोषणा से जुड़े संभावित विद्रोह के आरोप हैं।

### यून को 20 दिनों तक रहना होगा हिरासत में

पांच घंटे की सुनवाई के बाद रविवार भोर में अदालत ने यून के खिलाफ नया वारंट जारी कर दिया। अब यून को 20 दिनों तक हिरासत में रहना पड़ेगा। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने न्यायाधीश के सामने इस बात पर चिंता जताई कि साक्ष्यों को नष्ट किया जा सकता है।

# कौन हैं बेन ग्वीर?

## युद्धविराम समझौते के विरोध में जिनके इस्तीफे से नेतन्याहू सरकार पर मंडराने लगा खतरा

**यरुशलम, 19 जनवरी 2025।** इस्राइल-हमास के बीच युद्धविराम समझौते के विरोध में इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के मंत्री इटमार बेन ग्वीर ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे से युद्धविराम समझौते को कोई खतरा नहीं है, लेकिन यह नेतन्याहू के सत्तारूढ़ गठबंधन को कमजोर कर रहा है। अगर अन्य दक्षिणपंथी सांसदों ने भी ग्वीर से प्रेरित होकर सरकार का साथ छोड़ दिया तो प्रधानमंत्री नेतन्याहू संसदीय बहुमत खो देंगे। इससे सरकार को शीघ्र चुनाव के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### ग्वीर क्यों कर रहें युद्धविराम समझौते का विरोध?

युद्धविराम से युद्ध रुक जाएगा और गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों की रिहाई होगी। बेन ग्वीर इस युद्धविराम समझौते का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि बदले में इस्राइल को सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा करना होगा। इसके अलावा मिस्र के साथ गाजा के दक्षिणी सीमा से सेनाओं को वापस बुलाना होगा। इससे गाजा पर हमास का दबदबा होगा।

इस्तीफा देने के साथ बेन ग्वीर ने युद्धविराम समझौते को जल्दबाजी बताया। उन्होंने कहा यह इस्राइल की सभी उपलब्धियों को नष्ट कर देगा। ग्वीर ने इस्राइल के सबसे संवेदनशील पवित्र स्थल यरुशलम का पिछले महीने समेत कई बार दौरा किया। जुलाई में ऐसी ही एक यात्रा के दौरान उन्होंने बताया कि वे बंधकों की वापसी के लिए प्रार्थना करने आए थे।



### उग्र स्वाभाव के थे बेन ग्वीर

बेन ग्विर को नस्लवाद और आतंकी संगठन का समर्थन करने के लिए आठ बार दोषी ठहराया गया था। उनके उग्र विचार के कारण उन्हें सेना ने अनिवार्य सैन्य सेवा से प्रतिबंधित कर दिया था। वे पहली बार सुर्खियों में तब आए थे, जब उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री यित्जाक राबिन की कार से 1995 में हूड का आभूषण तोड़ दिया। इसके दो साल बाद उन्होंने विरोध प्रदर्शन चलाने का अभियान चलाया। उनके विरोध प्रदर्शन के कारण आयरिश सिंगर सिनैड ओ कॉनर को अपना कॉन्सर्ट रद्द करना पड़ा था।

बेन ग्वीर को एक वकील के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा के आरोपी यहूदियों के लिए एक सफल वकील बनकर उभरे। इसके बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा। साल 2021 में पहली बार वे सांसद चुने गए। बेन ग्वीर ने अपने राजनीतिक विरोधियों को निर्वासित करने का आह्वान किया। उन्होंने पुलिस को तनावपूर्ण यरुशलम में फलस्तीनी पत्थरबाजों पर गोलियां चचाने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री के रूप में बेन ग्वीर ने पुलिस को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का आदेश दिया था।

### 2022 में मिला कैबिनेट पद

2022 के चुनाव के बाद बेन ग्वीर को कैबिनेट पद मिला। इस चुनाव से पहले उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि पिछले साल से मैं इस्राइल को सुरक्षित करने के मिशन पर हूं। लाखों नागरिक सत्ता में दक्षिणपंथी सरकार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मंत्री के तौर पर बेन ग्वीर हमेशा विवादों में घिरे रहें। मई में बेन ग्वीर ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना की थी। दरअसल, बाइडन ने इस्राइल की तरफ से राफा पर हमला करने पर सैन्य सुरक्षा रोकने की धमकी दी थी। इस पर बेन ग्वीर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक दिल वाले इमोजी का इस्तेमाल करते हुए लिखा था कि हमास बाइडन से प्यार करता है।

### ग्वीर के इस्तीफे से बेंजामिन नेतन्याहू सरकार को खतरा

बेन ग्वीर के मंत्रीमंडल से इस्तीफा देने से युद्धविराम समझौते को कोई खतरा नहीं है। नेतन्याहू सरकार के पास अभी भी सत्ता बनाए रखने के लिए संसदीय बहुमत है। अगर अन्य सांसद बेन ग्वीर से प्रेरित हो गए तब नेतन्याहू की सरकार गिर सकती है। विपक्षी नेता यायर लैपिड ने कहा कि वे नेतन्याहू को एक राजनीतिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकार इस युद्धविराम समझौते से न गिरे। इस्राइल के एक वरिष्ठ विश्लेषक मैराव जोंस्जेन ने बताया कि नेतन्याहू की विपक्षी नेता यायर लैपिड के साथ कोई तालमेल नहीं है। ऐसे में इस तरह की साझेदारी युद्धविराम के बाद भी नहीं टिकने वाली है। उन्हें एक साथ काम करने में कठिनाई होगी

# हेज फंड के साथ मिलकर रिपोर्ट बनाने को लेकर संदेह के घेरे में नैट एंडरसन, दर्ज हो सकता है मामला

**वाशिंगटन, 19 जनवरी 2025।** उद्योगपतियों के घोटाले उजागर करने का दावा करने वाली निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने की घोषणा के बाद नाथन उर्फ नैट एंडरसन चर्चा में हैं। उन्होंने भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी और अमेरिकी फर्म निकोला में गड़बड़ियों के आरोप लगाकर तहलका मचाया था। अब वे कंपनियों को लक्षित करने वाली रिपोर्ट तैयार करने में हेज फंड के साथ कथित संबंधों को लेकर संदेह के घेरे में हैं। कनाडा के ओंटारियो की एक अदालत के समक्ष दायर दस्तावेजों का हवाला देते रिपोर्ट्स में इसका दावा किया गया है।

कनाडाई पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अदालत के दस्तावेजों से हिंडनबर्ग की गुप्त सांठगांठ और कंपनी तथा उसके संस्थापक द्वारा किए गए संभावित सिक्योरिटी फ्रॉड का खुलासा हुआ है। इसमें कहा गया है कि कथित तौर पर पता चला है कि हिंडनबर्ग ने एक रिपोर्ट तैयार करते समय एंसन के साथ मिलीभगत की थी।

वहीं, मानहानि के एक मामले में ओंटारियो सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस में कनाडा के एंसन हेज फंड के प्रमुख, मोएज कसम ने जो दस्तावेज दायर किए हैं। उनमें कहा गया है कि उनकी फर्म ने हिंडनबर्ग के नैट एंडरसन सहित अलग स्रोतों के साथ रिसर्च शेयर किया है।

कनाडा की ऑनलाइन इंवेस्टिगेटिव न्यूज आउटलेट मार्केट फ्रॉड्स की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि नेट एंडरसन और एंसन फंड्स दोनों के खिलाफ सिक्योरिटी



फ्रॉड के कई मामले हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि मंदी की रिपोर्ट तैयार करने का यह पूरा मामला जब अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के पास पहुंचेगा तो नेट एंडरसन के खिलाफ प्रतिभूति धोखाधड़ी के आरोप लगाए जा सकते हैं।

### कंपनी बंद करने के एलान के बाद से चर्चा में

अमेरिकी इंवेस्टमेंट रिसर्च फर्म और शॉर्ट सेलिंग ग्रुप हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी को बंद करने के एलान के बाद से नाथन एंडरसन चर्चा में हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च को लेकर ये एलान ऐसे वक्त में आया था, जब अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन का चार वर्षों का कार्यकाल पूरा होने में बस कुछ ही दिन बचे हैं। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने ही वाले हैं। आपको बता दें कि हाल ही में हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी के एक सदस्य और रिपब्लिकन सांसद ने न्याय विभाग से हिंडनबर्ग को लेकर जांच की मांग की थी।

### नाम की कहानी

एंडरसन ने 'हिंडनबर्ग रिसर्च' नाम जानबूझकर चुना, जो 1937 के हिंडनबर्ग एयरशिप हादसे से प्रेरित था, जिसमें लगभग 35 लोग मारे गए थे। वह लोगों को शेयर बाजार की कारगुजारियों से?बचाने का दावा करते हैं।


### ब्रोकर से लेकर व्हिसलब्लोअर

एंडरसन ने सबसे पहले हेज फंड्स को ध्यान में रखते हुए एक ब्रोकरेज फर्म शुरू की थी, जो धोखाधड़ी का आकलन करने पर केंद्रित थी। हालांकि, 2017 तक, फर्म ने केवल 58,382 डॉलर की शुद्ध पूंजी जमा की थी, जिससे एंडरसन के मकान मालिक ने बेदखली की कार्यवाही शुरू कर दी। इन चुनौतियों के कारण एंडरसन ने अपना ब्रोकरेज लाइसेंस छोड़ दिया और हिंडनबर्ग रिसर्च की स्थापना की।

### आरोपों का खेल

एंडरसन की कंपनी हिंडनबर्ग ने सितंबर 2020 में अमेरिका की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी निकोला कॉरपोरेशन में तकनीकी खामियों समेत कई गड़बड़ियों के आरोप लगाए। जांच के बाद निकोला को दोषी भी पाया गया। लेकिन हिंडनबर्ग को सबसे ज्यादा शोहरत जनवरी 2023 में भारत के प्रमुख उद्योगपति घराने अदाणी समूह पर निवेश संबंधी गड़बड़ी के आरोप लगाने से मिली। बताया जाता है कि अदाणी समूह पर आरोप लगाने के बदले में एंडरसन की फर्म को करीब 40 लाख डॉलर की कमाई हुई थी। इसके बाद पिछले साल अगस्त में हिंडनबर्ग ने सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति पर अदाणी समूह से हितलाभ लेने का भी आरोप लगाया था।

# चुनाव के लिए सरकार की तरफ से तय समयसीमा का करेंगे पालन, आम चुनाव पर बोला बांग्लादेश चुनाव आयोग





**ढाका, 19 जनवरी 2025।** बांग्लादेश चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि वह अंतरिम सरकार की तरफ से तय समयसीमा पर आम चुनाव कराएगा, साथ ही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। सीईसी के हवाले से एक समाचार पोर्टल ने बताया कि, %हम माननीय मुख्य सलाहकार की तरफ से घोषित समयसीमा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और इस दिशा में काम कर रहे हैं।

2025 के अंत या 2026 की पहली छमाही में चुनाव संभव- यूनुस

ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) एएमएम नासिर उद्दीन ने ये टिप्पणी एक कार्यक्रम के दौरान की, जहां संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने मतदाता सूचियों को अपडेट करने के लिए आवश्यक तकनीकी उपकरण सौंपे। चुनाव आयोग को यूएनडीपी से डेटा संग्रह के लिए 175 लैपटॉप, 200 स्कैनर और 4,300 बैग मिले। बता दें कि, पिछले महीने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा था कि देश में अगला आम चुनाव 2025 के अंत या 2026 की पहली छमाही में हो सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा था कि चुनाव का समय काफी हद तक राजनीतिक सहमति और उससे पहले किए जाने वाले सुधारों की सीमा पर निर्भर करेगा।

### बीएनपी ने इस साल जुलाई या अगस्त में चुनाव कराने की थी मांग

बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त नासिर उद्दीन की टिप्पणी पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की तरफ से इस साल जुलाई या अगस्त तक आम चुनाव कराने की मांग के कुछ दिनों बाद आई है। जब इस बारे में पूछा गया, तो सीईसी ने इस बात पर जोर दिया कि चुनाव निकाय राजनीति में शामिल नहीं होना चाहता है, और कहा कि मतदाता सूची अपडेट करने में छह महीने लगेंगे।

# कुर्रम जिले के अशांत इलाकों में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान शुरू, खैबर-पख्तूनख्वा सरकार का फैसला

**पेशावर, 19 जनवरी 2025।** पाकिस्तान की खैबर-पख्तूनख्वा प्रांतीय सरकार ने रविवार को कुर्रम जिले के अशांत इलाकों में अभियान शुरू किया है। बता दें कि, इन इलाकों में उपद्रवियों का आतंक बड़े पैमाने पर व्यापत है। हाल ही में हथियारबंद लोगों ने पाराचिनार में सामान ले जा रहे एक सहायता काफिले पर हमला किया और कई लोगों की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान निचले कुर्रम जिले के चार ग्राम परिषदों में शुरू हुआ, जिसमें बागान, मंडोरी, चपरी और चपरीपाओ शामिल हैं, ताकि सड़कों को सुरक्षित किया जा सके और क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित की जा सके, जहां नवंबर से सांप्रदायिक झड़पों में दर्जनों लोग मारे गए हैं।

### कुर्रम जिले के चार गांवों में अभियान

एक अधिकारी ने बताया कि यह अभियान निचले कुर्रम जिले के चार ग्राम परिषदों में शुरू हुआ, जिसमें बागान, मंडोरी, चपरी और चपरीपाओ शामिल हैं, ताकि सड़कों को सुरक्षित किया जा सके और क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित की जा सके, जहां नवंबर से सांप्रदायिक झड़पों में दर्जनों लोग मारे गए हैं।

### आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फैसला

मामले में केपीके सरकार के प्रवक्ता ने



आधिकारिक तौर पर अशांत कुर्रम जिले के अशांत इलाकों में अभियान शुरू करने की घोषणा की है। यह फैसला एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया, जिसमें केपीके के मुख्य सचिव, आईजी पुलिस और अन्य नागरिक और पुलिस अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में बिना किसी भेदभाव के आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया गया। अधिकारियों ने कहा कि राज्य शांतिपूर्ण तत्वों का समर्थन करता है और उत्पीड़कों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

### पुलिस और नागरिक प्रशासन की सहायता करेंगे सुरक्षा बल

एक स्थानीय अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, डिप्टी कमिश्नर अशफाक अहमद ने शनिवार को विस्थापित लोगों के लिए थाल और हंगू में शिविर स्थापित करने के लिए अधिसूचना जारी की। सुरक्षा बल उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई में पुलिस और नागरिक प्रशासन की सहायता करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि सरकार को संदेह है कि कुछ उपद्रवियों ने नागरिकों के बीच घुसपैठ की है। पिछले साल नवंबर से शिया और सुन्नी जनजातियों के बीच सांप्रदायिक झड़पों में कम से कम 130 लोगों की जान चली गई है, इस क्षेत्र में हफ्तों तक सड़क जाम रहने के कारण भोजन और दवा की कमी की खबर है।

### नए साल पर जनजातियों के बीच हुआ था शांति समझौता

1 जनवरी को युद्धरत जनजातियों के बीच शांति समझौता हुआ, लेकिन पाराचिनार को जोड़ने वाला मार्ग अवरुद्ध रहा। शांति समझौते के तहत, निवासियों ने 15 दिनों के भीतर कई चरणों में अपने हथियार राज्य को सौंपने का वचन दिया, जबकि स्थानीय बंकरों को फरवरी 2025 तक खत्म किया जाना है। हालांकि, जनवरी में कुर्रम जिले में सहायता काफिलों पर बार-बार हमला किया गया, जिसके कारण लोग हताहत हुए।

### हालिया हमले में आठ लोगों की मौत

गुरूवार को पाराचिनार जा रहे 35 वाहनों के सहायता काफिले पर बागान में हमला किया गया, जिसमें पांच चालक, एक यात्री और दो सुरक्षाकर्मी मारे गए। एक रिपोर्ट के अनुसार, जिला प्रशासन ने कहा था कि जवाबी कार्रवाई और हेलीकॉप्टर गोलाबारी में छह हमलावर मारे गए, हालांकि कुछ लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। व्यापार समुदाय के अनुसार, 35 में से 33 ट्रकों को बागान और आसपास के इलाकों में ले जाया गया और 12 वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। पाराचिनार, ऊपरी कुर्रम, पिछले 110 दिनों से घेराबंदी में है, जहां आवश्यक आपूर्ति की कमी के कारण लोग मर रहे हैं। समुदाय ने सरकार से स्थिति को संभालने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# स्व. अंजनी मिश्रा क्रिकेट प्रतियोगिता में पुसल विजेता और कटकोना उपविजेता रही

## 11 दिनों तक चली प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया,खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए:बीएन झा
## 6 वर्षो से कटकोना में हो रहा है स्व. अंजनी मिश्रा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन







-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर, 19 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।
कटकोना के खेल मैदान में आयोजित स्व. अंजनी मिश्रा क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला शनिवार को पुसला एवं कटकोना क्रिकेट टीम के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पुसला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने 12 ओवरों में 80 रन बनाकर 81 रनों का लक्ष्य कटकोना क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को दिया, लक्ष्य का पीछा करते हुए पीच में उतरी कटकोना क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने अपना पूरा विकेट गवा दिया 74 रन पर और फाईनल मैच का खिताब को गवा दिया, वही इस खिताब पर पुसला ने 7 रन से जीत कर कब्ज़ा कर लिया।

मुख्य अतिथि बीएन झा मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुन्ठपुर, अध्यक्षता कर रहे खान प्रबंधक 1/2 के हाथों विजेता टीम को 25 हजार रूपए नगद एवं शील्ड, उप विजेता टीम को 12500 रूपए नगद एवं शील्ड के साथ साथ सभी खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैन आंफ द मैच का पुरस्कार चंदू एवं मेन आफ द सिरीज विकास दस को प्रदान किया गया। कटकोना कालरी के खेल मैदान में पिछले 6 वर्षों से स्व. अंजनी मिश्रा प्रतियोगिता का आयोजन उनके बड़े भाई योगेन्द्र मिश्रा व कोल परिवार के सदस्यों किया जा रहा है, इस वर्ष प्रतियोगिता का शुभारंभ स्व. अंजनी मिश्रा के जन्म दिवस के दिन 8 जनवरी को हुआ। प्रतियोगिता 11 दिनों तक चली जिसमें स्थानिय एवं दूरस्थ स्थानों की 16 क्रिकेट टिमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला एसईसीएल बैकुन्ठपुर एरिया महाप्रबंधक बीएन झा के मुख्य आतिथ्य में एवं खान प्रबंधक 1/2 विजय कुमार राय कटकोना के अध्यक्षता में खेला गया, विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रिय कार्मिक प्रबंधक जॉन डुंगडुंग, जीएम ऑपरेशन बैकुंठपुर क्षेत्र राजेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि रेवा यादव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता कुर्रे, बीडीसी सदस्य कटकोना शिवशंकर सिंह, सरपंच कटकोना बिरंची सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य संगीता सोनवानी, पूर्व सरपंच लक्ष्मण नायक, बैकुंठपुर क्षेत्र के संयुक्त सलाहकार समित के सदस्य हरी यादव, महेश यादव, धर्मेन्द्र सिंह, सतेन्द्र पाल सिंह, क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य कौशलेंद्र त्रिपाठी, राम जी पांडेय, अशोक दुबे, राजेंद्र गुप्ता, सुनील विश्वकर्मा, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य महेश कुमार, प्रवीण डहरिया, बलजिंदर सिंह, रमेश जायसवाल, राजेश शर्मा एवं कटकोना उप क्षेत्र के सभी श्रम संघ पदाधिकारी तथा सचिव अजय कुमार सिंह, समिति के साथी की गरिमामय उपस्थिति में समारोह सम्पन्न हुआ, स्वागत भाषण योगेन्द्र कुमार मिश्र ने दिया हरी यादव, रेवा यादव ने तथा मुख्य अतिथि बी.एन.झा ने सभा को संबोधित किया कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक मुकेश गुप्ता ने किया।

### खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए हार जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है...

इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुन्ठपुर बीएन झा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए हार जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है, जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए वहीं आयोजन समिति को भी सभी टीमों को उचित व्यवहार के साथ खेलाना चाहिए जिससे आपसी प्रेम भाव बढ़े।

### आयोजन को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

आयोजन समिति के योगेन्द्र मिश्रा, अजय सिंह, अशोक दुबे, शेषमणी पटेल, सुनिल विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह, रमेश देवांगन, रविन्द्र ने समस्त अतिथियों का शाल, श्रीफल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम छोटे भाई की याद में विगत 6 वर्षो से किया जा रहा है, मंच का सफल संचालन मुकेश गुप्ता ने किया, आए हुए समस्त अतिथियों का आभार योगेन्द्र मिश्रा ने किया। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में अज्जु सेन, गोलू अग्रवाल, ओम प्रकाश सिंह, शनि, विकास, आलोक, सत्येन्द्र, भूपेन्द्र, अजय टेलर, हेमु, नागेश्वर, अभय सिंह, संदीप, मनोज सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, कमलेश गुप्ता, जय प्रकाश साहू, उमेश कुर्रे, विक्की सावरे, भोले देवांगन, पवन यादव, पियुष यादव, आनंद राजवाड़े, संतोष आदि का सराहनिय योगदान रहा। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश शर्मा,दिनेस यादव, अभिषेक दुबे, नीतिन शर्मा, गोपाल यादव, देवेन्द्र जायसवाल, रूप चंद गुप्ता, दिनेश चक्रधारी, लालमन सिंह, राजेश अग्निहोत्री शामिल रहे।

# जशपुर में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए पालना केंद्र शुरू

## बच्चों को सुरक्षित वातावरण के साथ खेल गतिविधियों से उनका बौद्धिक विकास करना




-संवाददाता-
जशपुरनगर, 19 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।
कलेक्टर श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिले के जशपुर परियोजना के अंतर्गत नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए पालन केंद्र खोला गया है।उद्देश्य महिला बाल विकास विभाग के तहत बच्चों का पालन केन्द्र एक ऐसी संस्था होती है जो विशेष रूप से बच्चों के विकास, देखभाल और संरक्षण के लिए कार्य करती है। इन केन्द्रों का उद्देश्य बच्चों की शारीरिक, मानसिक, और भावनात्मक देखभाल करना है। यह केन्द्र विशेष रूप से उन बच्चों के लिए होते हैं जिनके माता-पिता या अभिभावक किसी कारणवश बच्चों की देखभाल नहीं कर पा रहे होते, या जिन्हें सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता होती है।

बाल देखभाल केन्द्र में बच्चों को सुरक्षित वातावरण में पालन-पोषण, शिक्षा और खेलकूद जैसी गतिविधियाँ प्रदान की जाती हैं, ताकि वे स्वस्थ और खुशहाल तरीके से बढ़ सकें। ये केन्द्र बच्चों के लिए एक संरक्षित स्थान होते हैं, जहां उनका शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित किया जाता है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,**

रा.प्र.क्र. / /अ-20(3)/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवदिका सरला, नामदेव आ0 स्व0 बसंत नामदेव पत्नी सुनील नामदेव निहवासी मकान नम्बर 146, वार्ड नम्बर-20, नगर पालिका काम्पलेक्स के सामने मेन रोड कबीर वार्ड बेमेतरा छ0ग0 के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला सत्तीपारा नगर अम्बिकापुर स्थित प्लाट नम्बर 817/1 रकबा 0.04.3/4 एकड़ भूमि मेसे अपने अंश की 1/4 भाग भूमि को अनावेदक विशाल नामदेव आ0 स्व0 सुरेश नामदेव, शारदा नामदेव आ0 स्व0 बसंत नामदेव, विवेक नामदेव आ0 स्व0 सुरेश नामदेव, अन्नु नामदेव आ0 स्व0 सुरेश नामदेव,, अनावेदक क्रमांक-3 विवेक नामदेव नाबालिग बली माता अनावेदिका क्रमांक-2 शारदा नामदेव सभी निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के पक्ष में पंजीबद्ध दान पत्र मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा- आपत्ति हो तोअपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20/01/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

(सील)
नजूल अधिकारी
,अंबिकापुर

# फिल्म की तरह जीवन में नहीं होता रि-टेकः डीआईजी

## नुक्कड़ नाटक के जरिए छात्रों ने दिया नशे से दूर रहने का जबरदस्त संदेश





-संवाददाता-
सूरजपुर, 19 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।
नशे की लत सिर्फ नशा करने वाले को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को परेशानी में डालती है। इसीलिए युवा नशाखोरी से दूर रहें और अच्छी शिक्षा हासिल कर उज्जलव भविष्य का निर्माण करें। यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित रहे, सुरक्षा के लिए हमें जागरूक रहना होगा, फिल्मों की तरह जीवन में रि-टेक नहीं होता कि सड़क दुर्घटना होने के बाद हम पुराने समय में जाकर हेलमेट, सीट बेल्ट लगा ले, जीवन अनमोन है इसकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है उक्त बाते शनिवार, 18 जनवरी 2025 को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने डीएव्ही पब्लिक स्कूल भटगांव में आयोजित नशा मुक्ति व यातायात जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को कही।

इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस के द्वारा नशे के विरुद्ध एक्शन के बारे में बताया एवं नशे की समस्या को लेकर कहा कि पुलिस को समय पर स्टीक सूचना दें, जिससे कि नशा तस्करी करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा सके। उन्होंने उपस्थित सभी को नशे के विरुद्ध आगे आने की अपील की व नशा न करने, न करने देने व नशे की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास करने का प्रण दिलाया। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज के निर्माण के लिए जरूरी है कि अपनी इस पीढ़ी को नशे रूपी दानव से बचाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर कहा हम सभी को सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। बाइक पर हेलमेट पहनना अनिवार्य है। नशा कर गाड़ी न चलाने, बिना नंबर प्लेट की गाड़ी चलाने पर चालान किया जा सकता है। दुर्घटना के वक्त कार सवार व्यक्ति यदि सीट बेल्ट लगाया है तो उसकी सुरक्षा किस प्रकार होगी उसके बारे में बताया। सड़क दुर्घटना होने के बाद व्यक्ति यही सोचता है कि काश यातायात नियमों का पालन कर हेलमेट लगाकर चलते तो गंभीर हादसा नहीं होता। फिल्मों की तरह जीवन में रि-टेक नहीं होता, दुर्घटना होने के बाद हम पुराने वक्त पर नहीं जा सकते इसलिए हमें सदैव यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर महाप्रबंधक एसईसीएल भटगांव दिलीप एम बोबडे ने भी नशे से बचाव व यातायात नियमों के पालन हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### नुक्कड़ नाटक के जरिए छात्रों ने दिया नशे से दूर रहने का जबरदस्त संदेश

डीएव्ही स्कूल के छात्रों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए युवाओं में बढ़ती नशे की लत को दूर करने के लिए जागरूक किया गया। नाटक में बताया गया कि युवा किस तरह से नशे की लत में फंसकर अपना जीवन नष्ट कर रहे हैं। अगर परिवार का कोई व्यक्ति नशा करता है तो परिवार के अन्य सदस्यों की क्या हालत होती है। इस दर्द को नाटक में बताया और नशे से दूरी बनाकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान एसडीओपी प्रतापपुर नंदिनी ठाकुर, थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी, डीएव्ही स्कूल भटगांव के प्राचार्य, शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लुण्ड्रा जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./202407021400025/अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीता आ0 श्यामलाल उर्फ पहलवान उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम लुण्ड्रा थाना एवं तहसील लुण्ड्रा जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम लुण्ड्रा स्थित भूमि खसरा नम्बर 90 एवं अन्य कुल खसरा नम्बर 04 योग रकबा 0.457 हे0 में अनावेदक के साथ साथ आवेदक अपना नाम दर्ज करने हेतु संहिता की धारा 109, 110, के तहत आवेदन पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही से किसी को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम दिनांक 22/01/2025 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विहचार नहीं किया जायेगा एवं तदानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 20/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से अंकित कर जारी किया गया।

(सील)
नायब तहसीलदार
लुण्ड्रा,(धौरपुर) सरगुजा

**न्यायालय नायब तहसीलदार लुण्ड्रा जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./202407021400026/अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीता आ0 श्यामलाल उर्फ पहलवान उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम लुण्ड्रा थाना एवं तहसील लुण्ड्रा जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम चिरगा स्थित भूमि खसरा नम्बर 219 एवं अन्य कुल खसरा नम्बर 05, योग रकबा 1.005 हे0 में अनावेदक के साथ साथ आवेदक अपना नाम दर्ज करने हेतु संहिता की धारा 109, 110, के तहत आवेदन पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही से किसी को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम दिनांक 22/01/2025 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विहचार नहीं किया जायेगा एवं तदानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 20/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से अंकित कर जारी किया गया।

(सील)
नायब तहसीलदार
लुण्ड्रा,(धौरपुर) सरगुजा

# रील्स बनाने 70 फीट की ऊंचाई से राहुल ने गौरघाट वाटरफॉल में लगाई थी छलांग,5 वें दिन मिली लाश

## सरगुजा,कोरिया व सूरजपुर के गोताखोरों की टीमों को करनी पड़ी मशक्कत



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर, 19 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।
रील्स बनाने के चक्कर में आजकल युवा अपनी जान की भी परवाह नहीं कर रहे हैं। खतरनाक जगहों पर वे रील्स बना रहे हैं। ऐसे ही एक मामला कोरिया जिले के गौरघाट जलप्रपात में पिकनिक मनाने पहुंचे युवक के साथ 15 जनवरी को घटित हुआ था। राहुल सिंह नाम के युवक ने रील्स बनाने 70 फीट की ऊंचाई से गौरघाट वाटरफॉल में छलांग लगा दी थी। गहरे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई थी। रविवार को 5वें दिन उसका शव काफी मशक्कत के बाद 3 जिले की रेस्क्यूटी टीम ने बरामद किया।एमसीबी जिले के खडग़वां ब्लॉक के ग्राम दूबछोला निवासी आधा दर्जन युवक पिकनिक मनाने 15 जनवरी की दोपहर गौरघाट जलप्रपात में पहुंचे थे। यहां रील्स बनाने के दौरान शाम करीब 5 बजे राहुल सिंह 25 वर्ष ने 70 फीट की ऊंचाई से वाटरफॉल में छलांग लगा दी थी।

ऊंचाई से कूदने के कारण चोट लगने की वजह से वह बेहोशी की हालत में तैरते हुए डूब गया था। दोस्तों द्वारा इसकी सूचना सोनहत पुलिस को दी गई थी। इसके बाद से उसकी खोजबीन जारी थी।

### शव बरामद करने लगी थी 3 जिले की रेस्क्यू टीमें

घटना दिवस शाम हो जाने की वजह से राहुल की तलाश नहीं हो पाई थी। वहीं दूसरे दिन कोरिया जिले की डीडीआरएफ की टीम ने उसकी तलाश की, लेकिन शव नहीं मिल पाया था। तीसरे दिन एसडीआरएफ अंबिकापुर और कोरिया इमरजेंसी एवं फायर सर्विसेस की टीम ने सुबह से शाम तक सर्च ऑपरेशन चलाया। चौथे दिन भी उसका शव नहीं मिल सका था। 5 वें दिन रविवार को उसका शव दोपहर करीब 12.30 बजे वाटरफॉल के पानी से बरामद हुआ।

# एक दिन के लिए डिप्टी कलेक्टर से संयुक्त कलेक्टर बनने वाले संजय मरकाम की मंत्री के ओएसडी पद से हुई छुट्टी...

# गृह जिला सूरजपुर में देगें अब वह अपनी सेवा...


## क्या मंत्री के ओएसडी पद से हटाने के बाद उनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र की होगी जांच?

## श्रवण बाधित संजय मरकाम अभी तक सुन रहे थे मंत्री की बात अब सुनेंगे जनता की बात...जब सब कुछ सुनाई देता है साफ तो फिर क्यों बने हैं श्रवण बाधित?

## क्या इन्हीं की वजह रुकी है फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र पर नौकरी करने वालों की जांच?


## संभालेंगे गृह जिले का दायित्व...आखिर किसने बनाया था इनका दिव्यांग प्रमाण-पत्र? सूरजपुर जिले से ना बनवाकर बिलासपुर जिले से आखिर दिव्यांग प्रमाण-पत्र क्यों बनवाया?





निःशक्तता प्रमाण पत्र

उपरोक्त स्थिति वर्धनशील/अवर्धनशील है, इसमें सुधार होने की संभावना/सुधार न होने की संभावना है।

सत्यप्रतिलिपि


टिप्पणी : यदि यह प्रमाण-पत्र, चिकित्सा प्राधिकारी, जो सरकारी सेवा में नहीं है, के द्वारा जारी किया जाता है, तो यह विधिमान्य तभी होगा जब इस पर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किया गया है।

टिप्पणी : मूल नियम भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस.ओ. 908 (ई.) तारीख 31 दिसम्बर, 1996 द्वारा प्रकाशित किया गया था।

सत्यप्रतिलिपि

-ओंकार पांडेय-
सूरजपुर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

देर से ही सही संजय मरकाम को स्वास्थ्य मंत्री के ओएसडी पद से हटाया गया,माना यह जा रहा है कि इन्हीं की वजह से दिव्यांग संघ की शिकायत पर दिव्यांग प्रमाण-पत्र की जांच नहीं हो पा रही थी,अब देखना यह होगा कि उनके हटने के बाद क्या सही तरीके से दिव्यांग प्रमाण-पत्र की जांच होगी? वैसे पहले दिन जब इन्हें मंत्री के ओएसडी पद से हटाने के बाद राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तबादला सूची आई तो उसमें उन्हें संयुक्त कलेक्टर सूरजपुर बनाया गया था पर एक दिन बाद संशोधित करके उन्हें डिप्टी कलेक्टर के पद पर भेजा गया, माना जाए तो एक दिन के लिए वह सूची में ही सही संयुक्त कलेक्टर कहलाए होंगे और मन ही मन मुस्काए होंगे। वैसे इनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र को लेकर कई सवाल आज भी पहेली बनी हुई है, सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जब वह सूरजपुर जिले के निवासी हैं फिर वह अपने जिले से दिव्यांग प्रमाण-पत्र न बनवाकर आखिर बिलासपुर जिले से दिव्यांग प्रमाण-पत्र क्यों बनवाए हैं, क्या सूरजपुर जिले में उन्हें लोग जानते थे कि वह श्रवण बाधित नहीं है इसलिए वह उस जिले से अलग जाकर अन्य जिले से दिव्यांग प्रमाण-पत्र प्राप्त किए हैं? वैसे इनके गृह जिले में सभी यह कहते हैं कि उन्हें सब कुछ स्पष्ट सुनाई देता है उनके साथ पढ़ने से लेकर उनके साथ काम करने वाले सभी इस बात को कहते हैं पर सिर्फ शासन द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण-पत्र ही उन्हें सिर्फ श्रवण बाधित मानता है, जिसे दिव्यांग संघ के द्वारा चुनौती दी जा रही है कि वह प्रमाण-पत्र फर्जी। अब देखना है कि वह गृह जिले में कैसे खुद को श्रवण बाधित बताकर काम करते हैं जहां उनके स्वस्थ होने संपूर्ण स्वस्थ होने को लेकर सभी आश्वस्त हैं।

### ओएसडी की वजह से स्वास्थ्य मंत्री को भी आलोचनाओं का होना पड़ा था शिकार

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जो अपनी बेहतर कार्यप्रणाली साथ ही अच्छी छवि के लिए जाने जाते हैं उन्हें भी अपने ओएसडी संजय मरकाम के कारण आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा था। बता दें कि उन्हें अपने ओएसडी संजय मरकाम जिनकी नौकरी फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र के आधार पर लगी है ऐसा आरोप है के कारण कई बार कई आलोचनाएं झेलनी पड़ी थी। प्रदेश का दिव्यांग संघ लगातार मंत्री के ओएसडी पर कार्यवाही की मांग कर रहा था उन्हें हटाने की मांग कर रहा था जिसके कारण मंत्री को आलोचनाओं से गुजरना पड़ रहा था।

### क्या मंत्री के ओएसडी पद से हटाने के बाद दिव्यांग संघ की मांग पर संजय मरकाम के विरुद्ध होगी जांच?

अब राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजय मरकाम जो फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर इस सेवा में हैं ऐसा आरोप है और यह दिव्यांग संघ का ही आरोप है को अब मंत्री के ओएसडी पद से हटा दिया गया है गृह जिले में भेजा गया है। अब क्या उनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र की जांच होगी। मंत्री के यहां से हटाने के बाद अब दिव्यांग संघ को यह विश्वास है जैसा बताया जा रहा है कि उनकी ही मांग पर ऐसा किया गया है और अब दिव्यांग प्रमाण-पत्र की जांच और उचित कार्यवाही होगी सच का खुलासा होगा उन्हें विश्वास है।

### गृह जिले में नौकरी कर सकते हैं पर गृह जिले से दिव्यांग प्रमाण-पत्र नहीं बनवा सकते थे?

संजय मरकाम राज्य प्रशासनिक सेवा में अधिकारी दिव्यांग प्रमाण-पत्र के सहारे हैं। दिव्यांग भी वह श्रवण बाधित श्रेणी के हैं जिसमें सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा हुआ है प्रदेश में ऐसा दिव्यांग संघ का आरोप है। अब संजय मरकाम अपने गृह जिले के डिप्टी कलेक्टर होंगे वहीं उनका दिव्यांग प्रमाण-पत्र जैसा बताया जाता है कि बिलासपुर जिले का है और सवाल यह उठता है कि जब गृह जिले में ही नौकरी करने पहुंचे हैं तो दिव्यांग प्रमाण-पत्र गृह जिले से उन्होंने क्यों नहीं बनवाया।

### क्या मुख्यमंत्री फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र पर नौकरी करने वाले के विरुद्ध लेंगे अब संज्ञान?

प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी अब अपेक्षा होगी कि वह फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र के आधार पर नौकरी करने वालों के मामले में संज्ञान लें वह फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्रों की जांच करवाएं और उचित कार्यवाही करें । मुख्यमंत्री दिव्यांग संघ को न्याय दिलाए और फर्जी दिव्यांगों को नौकरी से हटाकर पात्र को उसका हक दिलाएं यह अब मुख्यमंत्री से लोगों की दिव्यांग संघ की उम्मीद है।

### ना कान में लगी है मशीन और न ही उन्हें सुनने में होती है दिक्कत...फिर कैसे हैं वह श्रवण बाधित संजय मरकाम?

डिप्टी कलेक्टर बनकर सुरजपुर आ रहे राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजय मरकाम की यदि बात की जाए तो बताया जाता है कि उनके कान में ही न तो मशीन लगी है न ही उन्हें सुनने में दिक्कत होता है। वह काफी आसानी से सुनते-समझते हैं। उन्हें करीब से ही जानने वाले कहते हैं वह पूर्ण स्वस्थ हैं और वह स्वस्थ ही रहें वह ऐसी कामना करते हैं...वह श्रवण बाधित हैं ऐसा उनके कई करीबी नहीं मानते...वहीं दिव्यांग संघ भी नहीं मानता उनके प्रमाण-पत्र को फर्जी और उनकी नौकरी को कूट रचना से प्राप्त मानता है।



## नागरिकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील



-संवाददाता-
जशपुरनगर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

आज महाराजा चौक में नेहरु युवा केंद्र जशपुर के युवाओं द्वारा यातायात पुलिस के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। जिसमें यातायात पुलिस के जवान मनोहर लकड़ा ने युवाओं को यातायात नियमों की जानकारी दी । महाराजा चौक में आज नेहरू युवा केंद्र जशपुर के 25-30 युवाओं ने नागरिकों को यातायात सुरक्षा हेतु जागरूक किया। जिसमें हेलमेट पहनने, तीन सवारी न करने, सीट बेल्ट लगाने , शराब पीके वाहन न चलाने, नंबर प्लेट और लाइसेंस के साथ वाहन चलाना के लिए नागरिकों से अपील किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र से सूर्यकांत चंद्रा और संजीव भगत उपस्थित रहे।

# क्या जिले में कलेक्टर जनदर्शन में की गई शिकायत का कोई महत्व नहीं है?

## सूचना के अधिकार अधिनियम का भी हो रहा खुलेआम उल्लंघन

## एक माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने पर भी प्रार्थी नहीं मिली जानकारी

## मामला ग्राम पंचायत में विद्यालय में अध्यनरत छात्रों के मनरेगा मजदूरी भुगतान के बाबत

## मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार कि पहले भी खबरें हो चुकी है घटती-घटना में प्रकाशित,जिले के अधिकारियों ने मामले में उचित जांच भी नहीं समझी आवश्यक

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर, 19 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

यह मामला बैकुंठपुर विकासखंड और जिला मुख्यालय से लगभग 13 किलोमीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत डकई पारा का है। जहां ग्रामीणों ने पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और मनरेगा के तहत नियुक्त कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाते हुए महाविद्यालय में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को विगत कई वर्षों से मनरेगा मजदूर के रूप में मास्टर रोल में हाजिरी भरकर मनरेगा मजदूरी भुगतान करने का है। जिसकी शिकायत करते हुए ग्राम पंचायत के भूतपूर्व सरपंच ने लगभग डेढ़ माह पूर्व ही संबंधित अधिकारियों से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी थी, जो कि आज तक प्रार्थी को प्रदान नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त भ्रष्टाचार के इस मामले को लेकर कुछ ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में भी शिकायत दर्ज की थी। जिस पर आज तक किसी प्रकार की कोई जांच कार्यवाही संस्थित नहीं की गई है।

इस पूरे मामले पर दैनिक घटती-घटना ने पूर्व में लगातार खबरें प्रकाशित की थी और भ्रष्टाचार के


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती-घटना | सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर, शुक्रवार 13 दिसम्बर 2024 | 6

क्या ग्राम पंचायत डकईपारा ने भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा पार की?

नियमित अध्यनरत छात्रा का 2020 से वर्तमान तक लगातार मनरेगा में हाजिरी

नियमित अध्यनरत छात्रा शासकीय कर्मचारी की संतान और उपसरपंच के परिवार से संबंधित

छात्रा की मनरेगा में हाजिरी,उसने पहले किया कृषि महाविद्यालय से स्नातक,वर्तमान में स्नातक की कर रही है नियमित पढ़ाई

5 वर्षों में मनरेगा के नाम पर लाखों का आहरण छात्रा के जॉब कार्ड से

स्नातक बीएड का नियमित छात्र की हाजिरी मनरेगा में कैसे?

ग्राम पंचायत डकईपारा के विगत 5 वर्ष के निर्माण एवं मनरेगा कार्य जनपद उपाध्यक्ष के दखल से:सूत्र

मामले को उजागर करने का प्रयास किया था। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने अपने स्तर पर कइ शिकायत दर्ज कराई, परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्यवाही न होने पर और कोई जांच न होने पर ग्रामीण व्यथित हैं। वहीं इस पूरे मामले में ग्रामीणों ने विगत कई वर्षों के मास्टर रोल की हाजिरी और मजदूरी भुगतान की ऑनलाइन प्रति के माध्यम से कलेक्टर जनदर्शन में उपस्थित होकर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई, परंतु वहां से भी किसी प्रकार के कार्यवाही और मामले की जांच अभी तक प्रारंभ नहीं हो सकी है।

### पहली नजर में ही यह मामला भारी भ्रष्टाचार को इंगित करता है...

पहली नजर में ही यह मामला भारी भ्रष्टाचार को इंगित करता है क्योंकि ग्रामीणों की शिकायत अनुसार जिन छात्रों के मनरेगा मजदूर के रूप में हाजिरी भरकर रूपयों का आहरण किया गया है, और शासन प्रशासन को चूना लगाने का काम किया गया है, वे छात्र-छात्रा उक्त वर्षों में उन समय में जब उनकी हाजिरी भरी गई है, ग्राम से सैकडों किलोमीटर दूर रहकर विद्यालय- महाविद्यालय में अपनी नियमित पढ़ाई कर रहे थे। यह जानते हुए भी की नियमित विद्यार्थी को मनरेगा मजदूर के रूप में दर्शित नहीं किया जा सकता, ग्राम पंचायत के सचिव और रोजगार सहायक की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध और संलिप्त है। परंतु विडंबना यह है कि मामला उजागर होने के बाद और शिकायत दर्ज होने के बाद भी आज तक प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की जांच की पहल नहीं की गई है। इस पूरे मामले के लिए ग्राम पंचायत के भूतपूर्व सरपंच द्वारा विगत 5 वर्षों में ग्राम पंचायत में हुए मनरेगा कार्य की समस्त जानकारी सूचना के अधिकार के तहत चाही गई थी। जिसके लिए उन्होंने विधिवत आवेदन भी प्रस्तुत किया। परंतु आज लगभग डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी प्रार्थी को जानकारी प्रदान ना करना उच्च स्तर पर मिलीभगत का संदेश संकेत देता है। यदि भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों में जांच और कार्यवाही कर भ्रष्टाचार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही नहीं होती है, तो निश्चित ही भ्रष्टाचार के ऐसे मामले निरंतर बढ़ते जाएंगे, जिन पर अंकुश लगाना शासन प्रशासन के लिए कठिन होता जाएगा।

# खो-खो वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची भारत की मेंस और वुमेंस टीम




**नई दिल्ली,19 जनवरी 2025।** भारतीय पुरुष और महिला खो-खो टीमों ने पहले खो-खो विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय महिला टीम ने सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 66-16 से हराया, जबकि पुरुष टीम ने 62-42 से जीत हासिल की। महिला टीम ने आक्रमण और रक्षा दोनों में बेहतरीन खेल दिखाया, और नेपाल के खिलाफ रोमांचक फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।महिला टीम की शानदार शुरुआत में चैथरा बी का ड्रीम रन अहम था, जिन्होंने पहले टर्न में 5 अंक बनाए। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की सिनेथेम्बा मोसिया ने उन्हें बाहर किया, फिर भी भारत ने 33-10 से बढ़त बनाई। दूसरे टर्न में रेशमा ने महत्वपूर्ण अंक जुटाए,जबकि तीसरे टर्न में वैष्णवी पोवार और अन्य खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका को दबाव में रखा, स्कोर को 38-16 कर दिया। चौथे टर्न में दक्षिण अफ्रीका के लिए संघर्ष जारी रहा, और भारतीय टीम ने फाइनल में जगह पक्की कर ली।

### फाइनल में भारतीय मेंस टीम

पुरुष टीम की जीत भी कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद आई। दक्षिण अफ्रीका ने मजबूत शुरुआत की, लेकिन भारतीय टीम ने दूसरे टर्न में वापसी की। निखिल बी और आदित्य गणपुले ने अहम योगदान दिया, और भारतीय टीम ने स्कोर को 24-20 तक खींच लिया। तीसरे टर्न में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को कुछ मुश्किलों में डाला, लेकिन रामजी कश्यप और अन्य खिलाड़ियों ने बढ़त को कम किया। अंतिम टर्न में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया, आकाश कुमार और मेहुल की रणनीतिक चालों ने भारत को जीत दिलाई और वे फाइनल में पहुंचे।

### इस टीम से होगा फाइनल

यह मुकाबला भारतीय टीमों की रणनीतिक सोच, कौशल और टीम वर्क को उजागर करने वाला था, और अब वे फाइनल में जीत के लिए तैयार हैं। भारतीय मेंस टीम और वुमेंस टीम अपना फाइनल मुकाबला नेपाल के खिलाफ खेलेगी। नेपाल की भी मेंस और वुमेंस टीम ने फाइनल में अपनी जगह बनाई है।



## भारत दौरे के लिए साकिब महमूद को मिला वीजा

**नई दिल्ली,19 जनवरी 2025।** इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ साक़िब महमूद को भारत दौरे के लिए अंततः वीज़ा मिल गया है। अब वह अपनी टीम के साथ कोलकाता की यात्रा कर सकेंगे, जहां बुधवार को पहला टी 20 होना है। पाकिस्तानी मूल के महमूद के वीज़ा में देरी हो रही थी, जिसके कारण वह यूएई में लगे टीम के ट्रेनिंग कैंप का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे। हालांकि टीम के अन्य सदस्यों आदिल राशिद और रेहान अहमद को जल्दी ही वीज़ा मिल गया था। 2019 में जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत के दौरे पर थी, तब भी महमूद को ऐसी ही दिक्क़तों का सामना करना पड़ा था। 2024 में जब लंकाशायर की टीम एक प्री-सीजन् कैंप के लिए भारत में थी, तब भी महमूद भारत नहीं आ पाए थे। वहीं ऑफ़ स्पिनर शोएब बशीर को भी पिछले साल वीज़ा प्रक्रियाओं में देरी के कारण हैदराबाद के पहले टेस्ट से बाहर बैठना पड़ा था।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई भारतीय टीम के खिलाड़ी आईसीसी ओडीआई में रैंकिंग किस पायदान पर ?



**नई दिल्ली,19 जनवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने में अब सिर्फ 1 महीने का वक्त रह गया है। पाकिस्तान और यूएई में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें शिरकत करेंगी जिनमें से 7 टीमों का खुलासा हो चुका है। बीसीसीआई ने 18 जनवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया। रोहित शर्मा को कप्तान बनाया गया जबकि उप-कप्तानी शुभमन गिल को सौंपी गई। यशस्वी जायसवाल को पहली बार वनडे टीम में जगह दी गई। वहीं, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की 14 महीने बाद वनडे टीम में वापसी हुई। अब दोनों एक बार फिर आईसीसी इवेंट में टीम इंडिया के लिए खेलते नजर आएंगे। चैंपियंस ट्रॉर्फी के लिए चुनी गई भारतीय टीम के खिलाड़ी आईसीसी ओडीआई में रैंकिंग किस पायदान पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजों कीआईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि शुभमन गिल तीसरे और विराट कोहली चौथे नंबर पर काबिज हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई टीम में शामिल श्रेयस अय्यर 11वें जबकि केएल राहुल 13वें स्थान पर हैं। ऋषभ पंत टॉप-100 में भी शामिल नहीं हैं। यशस्वी जायसवाल को अब तक वनडे खेलने का मौका नहीं मिला है, इसलिए उनका वनडे रैंकिंग में नाम शामिल नहीं है।

### गेंदबाजों में कुलदीप का जलवा

ऑलराउंडरों की आईसीसीवनडे रैंकिंग की बात की जाए तो हार्दिक पांड्या 23वें पायदान पर मौजूद हैं। वहीं, रवींद्र जडेजा 11वें स्थान पर हैं। अक्षर पटेल 60वें नंबर पर जबकि वाशिंगटन सुंदर 95वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग पर नजर डालें तो कुलदीप यादव का दूसरे स्थान पर कब्जा है जबकि बुमराह 7वें स्थान पर हैं। रवींद्र जडेजा ओडीआई गेंदबाजों की रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज हैं। मोहम्मद शमी 13वें स्थान पर हैं। अक्षर पटेल का 86वें पायदान पर कब्जा है।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा।



# पाकिस्तान ने जीता पहला टेस्ट

### » स्पिन गेंदबाजों का रहा दबदबा

**मुल्तान,19 जनवरी 2025।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले मुकाबले को पाकिस्तान की टीम ने जीत लिया है। यह मैच मुल्तान में खेला गया। पाकिस्तान ने इस मैच में वेस्टइंडीज को 127 रनों से हराया है। इस मुकाबले में मिली जीत के साथ ही पाकिस्तान की टीम ने इस सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाकिस्तान की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में अपनी आखिरी सीरीज खेल रही है। ऐसे में पाकिस्तान के लिए इस साइकल में अंत अच्छा होता नजर आ रहा है।

### कैसा रहा मैच का हाल

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए उनकी टीम मैच की पहली पारी में 230 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके बाद वेस्टइंडीज की टीम बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरी और उनकी टीम सिर्फ 137 रन पर ऑलआउट हो गई। इस दौरान पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। पाकिस्तान की ओर से नोमान अली ने 5 विकेट, साजिद खान ने 4 विकेट और अबरार अहमद ने एक विकेट झटका।

अब पाकिस्तान की टीम के पास 93 रनों की लीड थी। पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में 157 रन बनाए और उनकी टीम ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को इस मुकाबले में जीत के लिए 251 रनों का लक्ष्य दिया। ये टारगेट देखने में तो काफी छोटा लग रहा था, लेकिन पिच की स्थिति को देखकर यह टारगेट वेस्टइंडीज के लिए काफी मुश्किल हो गया। वेस्टइंडीज की टीम सिर्फ 123 रन पर ऑलआउट हो गई और पाकिस्तान ने यह मैच अपने नाम कर लिया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**पाकिस्तान की प्लेइंग 11:** शान मसूद (कप्तान), मुहम्मद हुरैरा, बाबर आजम, कामरान गुलाम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान आगा, साजिद खान, नोमान अली, खुर्रम शहजाद, अबरार अहमद।

**वेस्टइंडीज की प्लेइंग 11:** क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), मिकाइल लुइस, कीसी कार्टी, कावेम हॉज, एलिक अथानाज़े, जस्टिन ग्रीव्स, टेविन इमलाच (विकेट कीपर), गुडाकेश मोटी, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन, जेडन सील्स

## एसए 20 लीग में दिखी एल क्लासिको की टक्कर

### एमआई की टीम ने सुपर किंग्स को रौंदा



**जोहेंसबर्ग,19 जनवरी 2025।** एसए20 लीग का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का 13वां मुकाबला एमआई केप टाउन और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले को एमआई की टीम ने 7 विकेट से अपने नाम किया। इस मुकाबले में मिली जीत के साथ ही एमआई की टीम अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है। दोनों टीमों के बीच खेला गया यह मुकाबला काफी रोमांच से भरा रहा।

### कैसा रहा मैच का हाल

एमआई केप टाउन और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच खेले गए इस मुकाबले के बारे में बात करें तो, इस मैच जोबर्ग सुपर किंग्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जोबर्ग सुपर किंग्स की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 172 रन बनाए। इस दौरान टीम के कप्तान फॉफ डु प्लेसिस ने 38 गेंदों पर 61 रन बनाए। वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 27 गेंदों पर 43 रन बनाए। एमआई केप के लिए टाउन रीजा हेंड्रिक्स सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 2 ओवर में दो विकेट झटके।

### एमआई का दमाकेदार रनचेज

एमआई केप टाउन को इस मुकाबले में जीत के लिए 173 रनों का टारगेट मिला था। उन्होंने इस टारगेट को सिर्फ 15.5 ओवर में चेज कर लिया। एमआई ने इस दौरान अपने सिर्फ तीन विकेट खोए। एमआई की ओर से रयान रिकेल्टन ने 39 गेंदों पर 89 रन बनाए। उनकी दमदार पारी के कारण उन्होंने 16 ओवर के अंदर ही इस टारगेट को चेज कर लिया। इस मुकाबले में मिली जीत के कारण उनका नेट रन रेट काफी अच्छा हो गया है। उनकी अंक तालिका में पहले स्थान पर है। वहीं जोबर्ग सुपर किंग्स की टीम तीसरे स्थान पर है।

# इंडिया ओपन 2025 में खत्म हुआ सात्विक-चिराग का सफर



**नई दिल्ली,19 जनवरी 2025।** इंडिया ओपन 2025 का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी का अभियान दिल्ली में आयोजित इंडिया ओपन सुपर 750 में समाप्त हो गया, जब उन्हें सेमीफाइनल में मलेशिया के गोह सेज फेई और नूर इज्जुद्दीन के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को यह मुकाबला मात्र 37 मिनट में 18-21, 14-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।

### कैसा रहा मैच का हाल

सात्विक और चिराग ने मैच की शुरुआत अच्छी की और पहले गेम में बढ़त बनाई। लेकिन मलेशियाई जोड़ी ने इसके बाद शानदार वापसी की और अगले छह में से पांच अंक हासिल करते हुए ब्रेक तक एक अंक की बढ़त बना ली। हालांकि, ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी ने कुछ समय के लिए खेल में वापसी की और स्कोर 15-12 तक पहुंचाया। बावजूद इसके, मलेशियाई जोड़ी ने अगले सात अंक जुटाकर पहला गेम 21-18 से जीत लिया।

दूसरे गेम में मलेशियाई टीम ने 5-0 की तगड़ी बढ़त बनाई। सात्विक की शानदार कोशिशों से भारतीय जोड़ी ने अंतर को कम करते हुए स्कोर 4-8 तक लाया। फिर मलेशियाई टीम ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाए रखी। भारतीय जोड़ी ने जोरदार प्रयास किया और स्कोर को 13-13 से बराबर कर दिया। लेकिन मलेशियाई टीम ने अपनी मजबूत रणनीति और संयम के साथ मैच को 21-14 से जीतते हुए फाइनल में स्थान बना लिया।

### सात्विक और चिराग ने किया शानदार प्रदर्शन

यह सात्विक और चिराग का इस सीजन का लगातार दूसरा सेमीफाइनल था, जिसमें वे बेशक हार गए, लेकिन उनकी मजबूत प्रदर्शन ने उन्हें बड़े मंच पर एक और सफलता दिलाई। अब वे अगले टूर्नामेंट में और बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद के साथ खेलने के लिए बाहर उतरेंगे।

# दो भागों में रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की वीडी 12

विजय देवरकोंडा वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं,जिसका संभावित नाम वीडी 12है । गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा होगी। प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह के बीच निर्माता नागा वामसी ने फिल्म पर एक बड़ा अपडेट साझा किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के बारे में बताया। साथ ही कई दिलचस्प बातों का भी खुलासा किया।हाल ही में उन्होंने बताया कि वीडी 12 दो भागों वाली सीरीज होगी और हर भाग की कहानी अलग होगी। इस तरह वे दो अलग-अलग फिल्में बन जाएंगी। फिलहाल वीडी 12 की 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि, अगर पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरा मल्लू की रिलीज उसी दिन पक्की हो जाती है तो फिल्म की रिलीज 28 मार्च से आगे बढ़ाई जा सकती है।फिल्म के बारे में आगे बात करते हुए नागा वामसी ने कहा, वीडी 12 अपने पैमाने से सभी को चौंका देगी। कई लोगों का मानना है कि यह चुपचाप बनाई जा रही एक छोटी फिल्म है, लेकिन यह ठोस है और बड़े पर्दे पर एक बड़ी ट्रीट होगी। इस बीच पहले खबर आई थी कि विजय देवरकोंडा को वीडी 12 के लिए एक चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई थी। चोट के बावजूद, अभिनेता ने ब्रेक नहीं लेने का फैसला किया और तय समय पर काम करना जारी रखा।विजय की पिछली कुछ फिल्में उम्मीद के मुकाबले प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने काम से लंबा ब्रेक लिया और अब वे दमदार वापसी करने की तैयार में हैं। ऐसे में वे इस फिल्म पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा वीडी 12 की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है और पूरी होने के करीब है।







# स्त्री 3 में अक्षय कुमार की एंट्री कंफर्म

### मेकर्स बोले- हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के थानोस हैं खिलाड़ी कुमार

पिछले साल स्त्री 2 में अक्षय कुमार के कैमियो ने बहुत लोगों का ध्यान खींचा था। दिलचस्प बात यह है कि 2024 में खेल-खेल में और सरफिरा जैसी फिल्में देने के बावजूद,स्त्री 2 ही उनकी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई। अब हाल ही में मैडोक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्में अनाउंस की गईं जिनमें स्त्री 3 भी शामिल है। तभी से दर्शकों में एक्साइटमेंट है कि अक्षय कुमार इस फिल्म में नजर आएंगे या नहीं। लेकिन अब मेकर्स ने ये कंफर्म कर दिया है कि अक्षय स्त्री 3 में अहम किरदार निभाएंगे। स्काई फोर्स के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय से पूछा गया कि क्या वह मैडोक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा होंगे। इस पर अक्षय ने कहा,मैं क्या कह सकता हूं, दिनेश और ज्योति को यह तय करना होगा, वे ही पैसे लगाने वाले हैं और अमर कौशिक को डायरेक्ट करना है। अक्षय की इस बात पर रिएक्ट करते हुए दिनेश विजान ने कहा, बेशक, वे यूनिवर्स का हिस्सा है। उन्होंने हंसते हुए कहा, वे हमारे थानोस हैं। बता दें स्त्री में अक्षय कुमार को सरकटे के वंश के आखिरी जिंदा सदस्य के रूप में दिखाया गया था। जिसके पास भूत को हमेशा के लिए खत्म करने का उपाय है। खैर जो भी हो दर्शक स्त्री 2 में अक्षय की मौजूदगी से काफी खुश होने वाले हैं।

# साड़ी पहन करिश्मा तन्ना ने दिखाया रॉयल अंदाज

### टीवी की नागिन के देसी लुक पर फिदा हुए फैंस



टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस के बीच आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद ही खूबसूरत लुक्स में फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में करिश्मा का ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक देखने को मिल रहा है।एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी और अब वो फिल्मों में भी जाना-माना नाम बन चुकी हैं। ये ही नहीं एक्ट्रेस अपने ट्रेंडी फैशन लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनकी शोख अदाएं देखकर हर कोई उन पर फिदा हो गया है।बता दें कि एक्ट्रेस अपने फैशन सेंस के लिए हमेशा ही चर्चा में रही हैं। उनका स्टाइल कभी भी ओवर-द-टॉप नहीं होता, बल्कि वह हमेशा सिम्पल और एलीगेंट लुक्स में नजर आती हैं।चाहे पार्टी हो या फिर कोई भी इवेंट करिश्मा तन्ना अपने कैजुअल लुक्स में नजर आती हैं। करिश्मा हर आउटफिट में अपने स्टाइल को बखूबी कैरी करती है।करिश्मा तन्ना की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

CMYK

# सीएम ने कैबिनेट बैठक में दी छत्तीसगढ़ की जनता को सौगात

» सीएम की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक

» किसानों और युवाओं सहित कई अहम फैसले

**रायपुर,19 जनवरी 2025 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में रविवार, 19 जनवरी को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में किसानों, युवाओं, कलाकारों, उद्योगों और महिला स्व-सहायता समूहों के हित में बड़ी घोषणाएं की गईं।



### किसानों को मिलेगा 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान का भुगतान

कैबिनेट ने राज्य के 27 लाख किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए घोषणा की कि उन्हें समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए 3100 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान किया जाएगा। फिलहाल किसानों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। शेष 800 रुपये प्रति क्विंटल राज्य सरकार फरवरी 2025 में एकमुश्त आदान सहायता के रूप में प्रदान करेगी।

### धान की अतिरिक्त नीलामी ऑनलाइन होगी

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में खरीदे गए अतिरिक्त धान की नीलामी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

### स्टील उद्योगों को ऊर्जा शुल्क में छूट

राज्य के मिनी स्टील प्लांट और स्टील उद्योगों को ऊर्जा प्रभार में 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक प्रति यूनिट 1 रुपये की छूट दी जाएगी।

### कलाकारों और लेखकों को आर्थिक सहायता में वृद्धि

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ कलाकार कोष के तहत आर्थिक सहायता राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब जरूरतमंद कलाकारों और उनके आश्रितों को 50,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। कलाकार की मृत्यु होने पर यह राशि 1 लाख रुपये होगी।

### युवाओं के लिए वित्तीय कौशल प्रशिक्षण

राज्य के युवाओं को वित्तीय बाजारों और निवेश संबंधी कौशल सिखाने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ एमओयू किया जाएगा। यह प्रशिक्षण हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी और कॉलेज के छात्रों के लिए होगा।

### महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी टू ईट निर्माण का कार्य

रेडी टू ईट निर्माण का काम महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लिया गया है। पहले चरण में यह कार्य पांच जिलों में लागू होगा।

### नवा रायपुरः स्वास्थ्य और आध्यात्मिक परियोजनाओं को भूमि आवंटन

नवा रायपुर में श्री सत्य सांई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट को 5 एकड़ भूमि निःशुल्क दी जाएगी। वहीं, आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर की स्थापना के लिए 40 एकड़ भूमि रियायती दर पर आवंटित की जाएगी।

### प्रधानमंत्री आवास योजनाः 1.32 लाख हितग्राहियों को लाभ

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 1.32 लाख हितग्राहियों को मकान पूर्ण करने पर कुल 3938.80 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसमें 1450 करोड़ रुपये राज्यांश और 538 करोड़ रुपये अतिरिक्त राज्यांश के रूप में प्रदान किए जाएंगे।

### नवा रायपुर में संपत्तियों के एकमुश्त निपटान पर छूट

नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा 5 साल से अधिक समय से न बिके आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों को लागत मूल्य पर 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत, और 30 प्रतिशत छूट के साथ एकमुश्त निपटाने का निर्णय लिया गया है।

### पंचायती राज अधिनियम में संशोधन

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व और आरक्षण संबंधी प्रावधानों में संशोधन हेतु जारी अध्यादेश की समयावधि बढ़ाई गई है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### रमन सिंह ने पीएम मोदी से को छत्तीसगढ़ की रजत जयंती समारोह में आने का दिया न्योता



**रायपुर,19 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और छत्तीसगढ़ के स्थापना की रजत जयंती समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। रमन सिंह ने इस मुलाकात की जानकारी देते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ÷दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आत्मीय भेंट कर डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी देवी का छायाचित्र भेंट किया और छत्तीसगढ़ के रजत जयंती समारोह में शामिल होने का सादर निमंत्रण दिया।

### पीएम मोदी ने गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के गठन पर जताई खुशी



**रायपुर,19 जनवरी 2025(ए)।** पीएम मोदी ने गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के गठन पर खुशी जताई है। सीएम साय ने एक्स हैंडल में लिखा, आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रिमंडल के साथियों के साथ मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ओजस्वी उद्बोधन का श्रवण किया। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष संविधान लागू होने के 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सभा के सभी महान व्यक्तित्वों को नमन किया।

### 2 ईनामी नक्सली समेत 3 माओवादी गिरफ्तार



**सुकमा,19 जनवरी 2025(ए)।** जिले में नक्सलवाद के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना चिंतागुफा क्षेत्र में पुलिस ने दो ईनामी नक्सलियों समेत कुल तीन माओवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में से एक पर 2 लाख रुपये और दूसरे पर 1 लाख रुपये का इनाम था। यह गिरफ्तारियां उस समय की गईं जब नक्सली दुलेड़ के पास एक पीकअप वाहन की लूटपाट और उसमें आग लगाने की घटना में शामिल थे।पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चिंतागुफा पुलिस बल और डीआरजी ने मिलकर इन माओवादियों को धर दबोचा।

# कलेक्टर नम्रता गांधी के साथ इस आईएएस अफसर को भी मिलेगा प्रधानमंत्री अवॉर्ड

### 21 अप्रैल को पीएम मोदी करेंगे सम्मान

**रायपुर,19 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2 अधिकारी गौरव लेकर आए हैं। दरअसल धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी के साथ-साथ सुकमा कलेक्टर हरीश एस का भी चयन पीएम ट्राफी के लिए हुआ है। दोनों कलेक्टर की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें सिविल सर्विस डे के अवसर पर 21 अप्रैल को पीएम ट्राफी से नवाजा जाएगा।सुकमा कलेक्टर हरीश एस ने जिले के सर्वांगीण विकास के लिए प्राइम मिनिस्टर्स अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिस सर्विसेस 2023 से नवाजा गया है। इस संबंध में भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के सचिव वी श्रीनिवास ने पत्र जारी कर प्रदेश के मुख्य सचिव के साथ कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव को प्रशंसा पत्र भेजा गया है, जिससे वे अधिकारी के ईआर शीट पर शामिल कर सके।वहीं जनवरी 2024 से धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी ने भखारा नगर पंचायत में पेयजल की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर गंगरेल नहर से सिलघट तक पानी पहुंचाने की योजना बनाई। गंगरेल नहर के पानी को सिलघट एनीकट के पास नगर पंचायत के इनटेक वेल के माध्यम से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाकर वाटर ट्रीटमेंट करते हुए पिछले दिनों से भखारा नगरवासियों को पेयजल आपूर्ति शुरू करवाई गई। इस तरह कलेक्टर नम्रता गांधी की दूरदर्शिता से नगर पंचायत क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान हो गया। इस कार्य की वजह से उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।









# जिस महिला जज को हाईकोर्ट ने डेढ़ माह पहले किया था बहाल,अब दोबारा हाईकोर्ट की ही अनुशंसा पर शासन ने किया बर्खास्त

### 7 साल की अदालती लड़ाई के बाद मिली थी पोस्टिंग

**बिलासपुर,19 जनवरी 2025(ए)।** महासमुंद में पदस्थ कनिष्ठ न्यायिक सेवा अधिकारी आकांक्षा भारद्वाज की सेवाओं को विधि एवं विधायी विभाग ने हाईकोर्ट की अनुशंसा पर समाप्त कर दिया है। पिछले महीने भारद्वाज ने सिंगल बेंच में अपनी बर्खास्तगी के खिलाफ दायर मुकदमा जीतने के बाद पुनः बहाली हासिल की थी। राज्य सरकार ने 14 जनवरी को हाई कोर्ट की अनुशंसा पर आकांक्षा भारद्वाज की सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए हैं।

# कांग्रेस के नगरीय निकाय घोषणा पत्र समिति की हुई बैठक



**रायपुर,19 जनवरी 2025(ए)।** कांग्रेस की नगरीय निकाय घोषणा पत्र समिति की बैठक राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक में आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी की तरफ से चुनाव में जनता से किये जाने वाले वादों के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी है। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हमारा घोषणा पत्र जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला होगा, अभी कुछ और बैठके होगी उसके बाद हमारा घोषणा पत्र मूलरूप ले लेगा।

नगरीय निकाय चुनाव घोषणा- पत्र समिति की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एस. ए. सम्पत कुमार, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता लैतफलांग, एआईसीसी सह-सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, अमितेश शुक्ल, गुरू रूद्र कुमार, अमरजीत भगत, अनिला भेड़िया, पूर्व विधायक अरूण वोरा, महापौर अजय तिर्की, महापौर रामकिशोर प्रसाद, महापौर हेमा देशमुख, महापौर एजाज ढेबर महापौर नंदलाल देवांगन, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला उपस्थित थे।

# तुरमेल पुजारी कांकेर मुठभेड़ मे मारे गये 18 माओवादियों में 10 की हुई शिनाख्त

» मारे गये माओवादियों पर 59 लाख रूपये का था ईनाम

» माओवादियों ने पर्चा जारी कर 12 नही 18 माओवादियों के मारे जाने की पुष्टि की, जिसमे तेलंगाना स्टेट कमेटी सदस्य 50 लाख का इनामी दामोदर की भी हुई मौत



**बीजापुर,19 जनवरी 2025 (ए)।** दक्षिण बस्तर के तुरमेल और पुजारी कांकेर के जंगलों में पुलिस की संयुक्त टीम के साथ माओवादियों की हुई मुठभेड़ में जवानों ने 12 हार्डकोर माओवादियों को मार गिराया था। मारे गये माओवादियों में 10 की शिनाख्त हो चुकी है। वहीं मुठभेड़ में 12 नही 18 माओवादियों के मारे जाने की जानकारी माओवादी पर्चा में उल्लेख है। जिसमे तेलंगाना स्टेट कमेटी सदस्य दामोदर भी शामिल है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 में से 10 माओवादियों की शिनाख्त कर लिया गया है। मारे गये माओवादियों में बटालियन नंबर 01 कम्पनी नंबर 02 सदस्य तमो हूँगी पर 8 लाख रूपये का ईनाम घोषित था। वहीं कम्पनी नंबर 02/ष्४श्चष् टेक्निकल टीम सदस्य नरसिंह राव पर 08 लाख का ईनाम, सीआरसी/ मंगडू पर 08 लाख का ईनाम, प्लाटून नंबर 30 माड़वी देवे पर 08 लाख, डिवीजन टेक्निकल टीम/एसीएम माड़वी जोगा पर 05 लाख, कोंटा एरिया कमेटी सदस्य नुप्पो सोमड़ी पर 05 लाख, दक्षिण सब ज़ोनल ब्यूरो टेक्निकल टीम पीपीसीएम इरपा सिते पर 05 लाख, कोंटा एरिया कमेटी प्लाटून नंबर 04 सदस्य डोडी वासु पर 05 लाख, उईका आयतु पर 05 लाख और गोलापल्ली एलओएस पार्टी सदस्य पोटाम मंगली पर दो लाख रूपये का ईनाम घोषित था।

### यह मुठभेड़ माओवादियों के लिए बड़ा झटकाःसुंदराज पी

बस्तर आईजी सुंदराज पी ने उक्त मुठभेड़ को माओवादियों के लिए बड़ा झटका बताया है। आईजी ने कहा की 18 जनवरी को माओवादियों द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर तेलंगाना राज्य समिति केडर दामोदर सहित 18 कैडरों को नुकसान पहुंचने की बात स्वीकार किया है, यह माओवादियों के महत्वपूर्ण मजबूत पकड़ क्षेत्र में एक बड़ा झटका है, दामोदर का उन्मूलन छत्तीसगढ़ तेलंगाना अंतरराज्यी सीमा के साथ माओवाद आंदोलन के लिए एक बड़ा झटका है।

# कोर्ट परिसर में आरोपी की पिटाई करने वाले वकीलों के खिलाफ अपराध दर्ज



**रायपुर,19 जनवरी 2025(ए)।** हाल ही में एक बीमार वकील पर जानलेवा हमले को लेकर आक्रोशित वकीलों ने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसर में ही आरोपी की जमकर पिटाई कर दी थी। इस घटना में शामिल अज्ञात वकीलों के खिलाफ मामला दर्ज हो चुका है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी वकीलों की पहचान करने में जुट गई है। दरअसल, मामला शुक्रवार का है, जब कोर्ट परिसर में वकीलों ने पुलिस अभिरक्षा के बीच बंदी अजय सिंह की पिटाई कर दी थी। अजय सिंह पर आरोप है कि उसने 16 जनवरी (गुरुवार) को शिवानंद नगर में वरिष्ठ वकील दुर्गेश शर्मा पर जानलेवा हमला किया था। पीड़ित वकील की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी अजय सिंह को कोर्ट में पेश किया। लेकिन पुलिस सुरक्षा के बीच भी आक्रोशित वकीलों ने मौका पाकर आरोपी की पिटाई कर दी।




### पुलिस ने सैफ अली खान के हमलावर आकाश कनोजिया को किया रिहां

**रायपुर,19 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग से अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के मामले में संदिग्ध के रूप में गिरफ्तार किए गए आकाश कनोजिया को रिहा कर दिया गया है। आकाश ने अपनी रिहाई के बाद कहा, मैंने कुछ गलत नहीं किया। मुझे पूछताछ के लिए यहां लाया गया था और अब मुझे रिहा कर दिया गया है। मैं आरोपी नहीं हूं। मुंबई पुलिस के सब-इंस्पेक्टर प्रदीप फुंडे ने कहा, हम कल से कह रहे थे कि वह सिर्फ संदिग्ध हैं, हमें मामले की जांच करने दें, इसके बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचे। हम उन्हें रिहा कर रहे हैं और रेलवे स्टेशन तक छोड़ने जा रहे हैं। वह आरोपी नहीं हैं, और हम उन्हें मुंबई नहीं ले जा रहे हैं।

# पहली बार किसी नक्सली की मां ने वीडियो बनाकर की हथियार छोड़ने की अपील

» बीजापुर में ढेर हुआ था बेटा,कहा- कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा



**रायपुर,19 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में आतंक का पर्याय बन चुके नक्सलियों के खिलाफ साय सरकार के आने के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई हुई है। विधानसभा चुनाव से पहले ही केंद्र सरकार ने बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने का ऐलान कर दिया था। केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार पिछले एक साल में 200 से अधिक नक्सलियों को पुलिस ने ढेर कर दिया है। वहीं, सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर करीब 1000 से अधिक नक्सलियों ने सरेंडर किया है। लेकिन इस बीच सोशल मीडिया पर मोस्ट वांटेड नक्सली दामोदर की मां का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। सामने आए वीडियो में दामोदर की मां हल्बी में बात करते हुए नजर आ रही है। वीडियो में उन्होंने कहा कि मैं आपको भरोसा दिलाती हूं कि यहां की पुलिस या सरकार आपको कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगी। इतना ही नहीं उन्होंने नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने की भी अपील की है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)